संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -23 शुक्रवार,24 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## डीपफेक के बढ़ते खतरे को लेकर सरकार सख्त

» केंद्रीय आईटी मंत्री बोले लोकतंत्र के लिए खतरा,एक्शन के मूड में सरकार

» केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कई सोशल मीडिया कंपनियों के साथ बैठक की



**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।** पिछले कुछ दिनों से डीपफेक फोटो, वीडियो और ऑडियो के बढ़ते मामले को लेकर सरकार चिंतित है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कई सोशल मीडिया कंपनियों के साथ बैठक की और इसे रोकने के लिए कुछ फैसले लिए।

इस दौरान उन्होंने राय जाहिर की कि डीपफेक न सिर्फ समाज के लिए बल्कि लोकतंत्र के लिए भी बड़ा खतरा है। एआई का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो वायरल होते हैं। इस तकनीक के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार जल्द ही सख्त कदम उठाने की तैयारी में है।

माना जा रहा है कि सरकार इस संबंध में सख्त नियम ला सकती है, जिसमें सख्त कार्रवाई का प्रावधान होगा। केंद्र सरकार ने भी सोशल मीडिया कंपनियों पर कार्रवाई करने और सख्त कानून बनाने को कहा है। इसके लिए वैष्णव ने चार प्रमुख क्षेत्रों में कंपनियों के साथ काम करने पर सहमति जताई है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कंपनियों ने मान लिया है कि डीपफेक एक बड़ा सामाजिक खतरा है। केंद्रीय मंत्री ने उन मुद्दों का भी जिक्र किया जिन पर सरकार और कंपनियां इससे बचने के लिए काम करेंगी।

➡डीपफेक की जांच कैसे करें?

➡इसे वायरल होने से कैसे रोकें?

➡उपयोगकर्ता कहां शिकायत कर सकता है और इसका तुरंत निपटारा कैसे किया जाएगा?

➡इसके खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर कोई कैसे मिलकर काम कर सकता है? इन चार बातों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।




## पनौती और जेबकतरे वाले बयान पर फंसे राहुल गांधी

### चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।** भारत चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उनके 'पनौती' और 'जेबकतरे' वाले बयान पर जारी किया गया है और उनसे 25 नवंबर तक जवाब मांगा गया है। दरअसल राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा ने 22 नवंबर को चुनाव आयोग के पास शिकायत की थी और कहा था कि राहुल गांधी में पीएम मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरे' जैसे शब्दों का प्रयोग कर उनका मजाक उड़ाया है।

दरअसल वर्ल्ड कप फाइनल के बारे में राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा था कि कभी क्रिकेट मैच में चला जाएगा, वो बात अलग है कि हरवा दिया। पनौती पीएम मतलब पनौती मोदी। राहुल ने पीएम मोदी और कारोबारी गौतम अडानी को घेरते हुए कहा था कि जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो एक आता है सामने और आपसे कोई बातचीत करता है ताकि आपका ध्यान इधर-उधर हो जाए। इस बीच दूसरा आपकी जेब काट लेता है। जेबकतरा सबसे पहले आपका ध्यान हटाता है। नरेंद्र मोदी जी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है।

## नेशनल हेराल्ड की संपत्ति कुर्क वाले हथकंडों से कांग्रेस डरने वाली नहीं: खड़गे

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों की कुर्की को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आलोचना की और कहा कि



इस तरह के किसी भी हथकंडे से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। खड़गे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र समूह की 760 करोड़ रुपये की संपत्तियों की कुर्की का काम मोदी और शाह के इशारे पर हुआ है। उनका कहना था कि यह कदम आवाज दबाने के मकसद से किया है लेकिन उनकी यह सोच गलत है। उन्होंने कहा यदि मोदी और शाह को लगता है कि इस तरह के कदमों से कांग्रेस को डरा या धमका सकते हैं तो उनकी यह सोच गलत है। कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और देश को आजादी दिलाई है और कांग्रेस इस तरह के कदमों से डरने वाली नहीं है।खड़गे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड समूह एक महान संस्था है और किसी व्यक्ति विशेष की नहीं है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी के लिए आवाज उठाने के लिए इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम जानबूझकर लोगों को कांग्रेस को वोट देने से डराने के लिए उठाया गया है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को समझ लेना चाहिए कि इस तरह की कार्रवाई से कोई भी भयभीत नहीं होगा।

## विदेशी नागरिकों से धोखाधड़ी करने वाले एक और कॉल सेंटर का पर्दाफाश

» सीबीआई ने 24 स्थानों पर छापेमारी कर 2.2 करोड़ रुपये किए जब्त

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।** देश में इन दिनों अमेरिका सहित अन्य कई देशों के नागरिकों को झांसे में लेकर धोखाधड़ी करने वाले कई गिरोह सक्रीय हो गए हैं। ऐसे ही एक गिरोह को यूपी के एटीएफ ने नॉएडा में पकड़ा था। ।इसी बीच सीबीआइ ने एक बड़े साइबर अपराध माड्यूल का पर्दाफाश किया है। इसके जरिए भारत में संचालित एक काल सेंटर से अमेरिका समेत कई देशों के नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा था। सीबीआइ ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात सहित 24 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 2.2 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। साथ ही बड़ी संख्या में डिजिटल सुबूत, संपत्तियों और



क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सुशील सचदेवा और उसके सहयोगियों की ओर से चलाए जाने वाला गिरोह तकनीकी सहायता का साझा देकर भोले-भाले विदेशियों को निशाना बना रहा था। उन्हें ठगने के लिए काल सेंटरों के माध्यम से फोन किए जाते थे। सीबीआइ मामले की जांच कर रही है। कई साइबर अपराधियों पर मामला दर्ज किया गया है।

### पिछले साल दर्ज किया था एफआई आर

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआइ ने सात जुलाई, 2022 को इस आरोप पर मामला दर्ज किया था कि भारत में कई काल सेंटर ने गुजरात स्थित वीओआइपी कंपनी की सेवाओं का उपयोग अमेरिका के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करते हैं।यह आरोप लगाया गया था कि इन साइबर अपराधियों ने वीओआइपी काल के माध्यम से अमेरिकी संघीय अनुदान विभाग, आइआरएस, एसएसए, सीआरए और एटीओ जैसी संस्थाओं का नकल किया। उन्होंने कहा कि ये साइबर अपराधी अमेरिकी संघीय विभागों या एजेंसियों के अधिकारियों के नाम से रोबो और आडियो काल भेजते थे। इसके बाद फीस, जुर्माना या दंड की आड़ में भुगतान के लिए दबाव डालकर पीड़ितों को धोखा देते थे।

## फ्लाइट में महिला ने उतार दी सबके सामने पैंट,देने लगी धमकी

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।** विमान में एक महिला द्वारा पैंट उतारने का मामले का सामने आया है। पैंट उतारते हुए महिला ने धमकी दी कि वो यहीं पर पेशाब करेगी। यह अजीबोगरीब घटना ऑरलैंडो से फिलाडेल्फिया जा रही फ्लाइट में घटित हुई। महिला की इस हरकत से वहां मौजूद अन्य यात्री हैरान और भयभीत हो गए। फ्लाइट अटेंडेंट ने जब महिला से कहा कि वे इस वक्त वॉशरूम का इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं। इसी बात पर महिला अपना आपा खो बैठी. फिर प्लेन के गलियारे में ही अपनी पैंट उतार दी। जब यात्रियों व क्रू स्टाफ ने विरोध किया तो महिला ने कहा कि वह यहीं पर पेशाब करेगी।?इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।?वीडियो में महिला यह कहते हुए?सुनाई दे रही है, माफ करें सब लोग।?इसके बाद वह पैंट को खिसकाते हुए बैठ गई।?इसी फ्लाइट में सफर कर रही एक महिला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उक्त महिला ने सह यात्री को जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

## नहीं रहीं सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश

**कोल्लम,23 नवम्बर 2023(ए)।** उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का बृहस्पतिवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 96 वर्ष की थीं। दिवंगत जस्टिस फातिमा बीवी ने केरल में एक वकील के रूप में अपना करियर शुरू किया था और



1974 में जिला और सत्र न्यायाधीश बनने तक काम किया। 1980 में वह आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण में शामिल हुई और 1983 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुईं। केरल के पंडालम की रहने वालीं जस्टिस बीवी ने यूनिवर्सिटी कॉलेज, तिरुवनंतपुरम से बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल करने से पहले पथानामथिट्टा के कैथोलिकेट हाई स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने न्यायमूर्ति फातिमा बीवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश और तमिलनाडु की राज्यपाल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

## महादेव ऐप मामले में भूपेश बघेल को गिरफ्तार कराना चाहती थी बीजेपी

» राजस्थान-छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने के लिए रचा गया षड्यंत्र

» आरोपों की न्यायाधीश से जांच कराने की उठाई मांग

**जयपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।**राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने प्रचार थमने से पहले आयोजित पीसी में ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि महादेव ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की कोशिश की गई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ''लाल डायरी'' और महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले को भारतीय जनता पार्टी का राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए रचा गया ''षड्यंत्र'' करार दिया। उन्होंने इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाने की मांग की।



### 'भाजपा ने रचा बहुत बड़ा षड्यंत्र'

यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में गहलोत ने कहा, ''एक मांग मैं महादेव ऐप व लाल डायरी मामले के बारे में करना चाहूंगाज्उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। भाजपा ने चुनाव के दौरान ये जो षड्यंत्र किया, चुनाव जीतने के लिए, यह बहुत बड़ा षड्यंत्र है। इसकी जांच होनी चाहिए।''

### 4 दिन पहले सीएम को गिरफ्तार करने की थी साजिश

छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, ''षड्यंत्रकारी लोग हैं चार दिन पहले वहां के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की इनकी साजिश थी। उसका पर्दाफाश हो गया।

### यहां लाल डायरी : वहां महादेव ऐप

गहलोत ने कहा कि मुझे दुख होता है कि प्रधानमंत्री के स्तर पर षड्यंत्र करके आप प्रधानमंत्री के मुंह से लाल डायरी बुलवा रहे हो.. आप महादेव ऐप बुलवा रहे होज्यहां लाल डायरी और वहां छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप ज्वहां (छत्तीसगढ़ में) पर्दाफाश हो गया, राजस्थान में भी सच्चाई सामने आ गई।'' गहलोत ने पूछा, ''कहां गई लाल डायरी? राजस्थान में ईडी, आयकर विभाग के 50 छापे पड़े। क्या कोई नेता, कोई अधिकारी पकड़े गए? उन छापों का क्या हुआ?'' मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''भाजपा ने पूरी कोशिश कर ली, लेकिन राजस्थान में सरकार नहीं गिरा पाई। आज उन्हें इसी बात की टीस सता रही है।''

### चुनाव प्रचार में था प्रमुख मुद्दा

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दौरान ईडी के छापे और महादेव ऐप घोटाले को लेकर राजनीति जोरों पर थी। एक ओर बीजेपी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगा रही थी, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और भूपेश बघेल इसे बीजेपी का प्रायोजित घोटाला बता रहे थे. छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को ही मतदान हो गया है, लेकिन इसकी गूंज राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी सुनाई दे रही है, जहां 25 नवंबर को मतदान होना है।

### भाजपा ने लगाया था यह आरोप

दरअसल, पिछले महीने छत्तीसगढ़ में महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ मनी लांड्रिंग की जांच के दौरान ईडी ने दावा किया था कि महादेव एप के प्रमोटरों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अभी तक कुल 508 करोड़ रुपये दिए हैं, जिसके बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया था और पीएम मोदी समेत तमाम बीजेपी नेताओं ने चुनावी रैलियों के दौरान भूपेश बघेल पर जमकर निशानी साधा।

## राजौरी में 2 आतंकी ढेर

**जम्मू कश्मीर,23 नवम्बर 2023(ए)।**राजौरी जिले में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ गुरुवार सुबह धर्मसाल बेल्ट के बाजीमल इलाके में एक बार फिर से शुरू हो गई। आज 2 आतंकी मारे गए हैं। अधिकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने रात में इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। आतंकवादी इस इलाके से भागकर दूसरी तरफ न चले जाएं इसके लिए पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है। हर तरफ सेना के जवान मौजूद हैं और चारों ओर पैनी निगाह रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छुपे हैं।सेना के अधिकारी ने बताया कि रियासी-राजौरी-पुंछ इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी सीमित है, जिसकी वजह से इस



ऑपरेशन को अंजाम देने में काफी परेशानियों का साम्ना करना पड़ रहा है। घने जंगलों का वजह स आतंकियों को छिपने और भागने में आसानी होती है। सेना के जवानों ने आज मुठभेड़ में क्वारी को मार दिया। बताया जा रहा है कि क्वारी जंगलों में बनी गुफाओं में सुरक्षा बलों की नजरों से बचने के लिए छुपता रहा, लेकिन आखिर कार सेना के हाथों मारा गया। लश्कर का टॉप कमांडर है और पाकिस्तान का रहने वाला है। इसे डांगरी और कंडी में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। क्वारी को आईईडी एक्सपर्ट के तौर पर और ट्रेंड स्नाइपर के तौर पर जाना जाता है। राजौरी और पूंछ के इलाके में अब तक सुरक्षाबलों ने 20 से ज्यादा आतंकियों को न्यूट्रलाइज किया है।

## गणित के छात्र भी डॉक्टर बनने दे सकेंगे नीट यूजी की परीक्षा

» एनएमसी ने जारी की नई गाइडलाइंस,

» छोटा किया गया नीट-यूजी के पाठ्यक्रम को

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023(ए)।** 11वीं-12वीं क्लास में मैथ्स लेकर पढ़ाई करने वाले छात्र भी अब डॉक्टर बनने नीट यूजी की परीक्षा दे सकेंगे। जी हां, एनएमसी ने नई गाइडलाइन जारी की है, जिसमें 11वीं और 12वीं में मैथ्स लेकर पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी अब भविष्य में मेडिकल कोर्स में एडमिशन लेने और डॉक्टर बनने का मौका मिलेगा। इसके लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल यानी एनएमसी ने नई गाइडलाइंस जारी की हैं। आपको बता दे कि इससे पहले तक केवल 11वीं और 12वीं क्लास में बॉयोलाजी विषय लेकर पढ़ाई करने वाले छात्र ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते थे।




### क्या है एनएमसी के गाइडलाइन में

एनएमसी के गाइडलाइन के अनुसार 11वीं-12वीं में फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी या फिर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स दोनों विषय के छात्र नीट यूजी की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हालांकि फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स से 12वीं करने वाले स्टूडेंट्स को एडिशनल सब्जेक्ट के तौर पर बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा देनी जरूरी होगी। एनएमसी के नोटिस में बताया गया है कि 12वीं पास करने के बाद एडिशनल सब्जेक्ट्स के रूप में अंग्रेजी के साथ-साथ फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स नीट यूजी परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

### योग्यता प्रमाण-पत्र दिए जाने पर विचार

नीट परीक्षा भारत में एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए अनिवार्य है। इसके अलावा ऐसे परीक्षार्थियों को एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट दिए जाने पर भी विचार किया जाएगा। एनएमसी के इस सर्टिफिकेट से स्टूडेंट्स विदेश में भी ग्रेजुएट मेडिकल पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए पात्र हो जाएंगे।

एनएमसी के इस नए फैसले से अब उन छात्र-छात्राओं को मेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने का रास्ता खुलेगा जो 12वीं में मैथ्स स्ट्रीम से पढ़ाई करना चाहते हैं। इससे स्टूडेंट्स के लिए पहले से और ज्यादा करियर ऑप्शंस के दरवाजे खुलेंगे।

### अगले सत्र से लागू होगा नया नियम

नीट यूजी में शामिल होने और विदेश में मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए सर्टिफिकेट देने के नियमों में बदलाव का निर्णय 14 जून को किया गया था। एनएमसी ने 12वीं कक्षा में अलग-अलग विषयों के अध्ययन में लचीलेपन का हवाला देते हुए इस कदम को सही ठहराया था। ऐसे में अब ये नया नियम अगले एकेडमिक सेशन से ही लागू हो जायेगा। जिसका सीधा फायदा मैथ्स लेकर पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी मिल सकेगा।

## संपादकीय

# पास-पड़ोस की करें चिंता

भारत के लिए आत्म-निरीक्षण का विषय है कि हाल तक उसके प्रभाव क्षेत्र में रहे देश क्यों अब उससे दूरी बनाते दिख रहे हैं? हाल ही में भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के मानदंडों पर सहमति बन गई। अब मालदीव ने भारत को झटका दिया है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइजू ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही भारत को अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से हटा लेने का औपचारिक अनुरोध पत्र दे दिया है। इस तरह यह अटकल गलत साबित हो गई है कि 'इंडिया आउट' का मुद्दा उनका सिर्फ एक चुनावी नारा था और सत्ता में आने के बाद वे इस बारे में अपना रुख नरम कर लेंगे। मोइजू के शपथ ग्रहण समारोह में गए केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू से इस बारे में औपचारिक अनुरोध करते हुए मोइजू ने कहा- 'सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मालदीव की जनता ने उन्हें भारत से ऐसा अनुरोध करने के लिए सशक्त जनादेश दिया।'उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत मालदीव के लोगों की इस लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। बेशक, मोइजू के इस कदम से भारत के लिए एक असहज स्थिति पैदा हुई है। खासकर यह देखते हुए कि मोइजू की छवि चीन समर्थक नेता की है और हाल में उन्होंने चीन में आयोजित हुए बेल्ट एंड रोड फोरम में भी हिस्सा लिया था।

जिस समय हर भू-राजनीतिक घटनाक्रम को दो खेमों में बंटती दुनिया के बीच खींचतान के संदर्भ में देखा जा रहा है, मालदीव के इस कदम को दक्षिण एशिया में चीन की एक और कामयाबी माना जाएगा। यह भारत के लिए आत्म-निरीक्षण का विषय है कि हाल के वर्षों तक उसके प्रभाव क्षेत्र में रहे देश अब क्यों उससे दूरी बनाते दिख रहे हैं? हाल ही में भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के मानदंडों पर सहमति बन गई, जिसे भारत के लिए एक झटका समझा गया है। मालदीव के बारे में मीडिया में आई रिपोर्टों में बताया गया है कि वहां भारत विरोधी माहौल बनने की शुरुआत योग का प्रसार करने के लिए स्थानीय आबादी की भावनाओं का बिना ख्याल किए दिखाए गए अति-उत्साह से हुई। इसका लाभ भारत विरोधी राजनीतिक गुटों ने उठाया। अगर ऐसी बातों में थोड़ा भी दम हो, तो यह जरूरी समझा जाएगा कि भारत सरकार अपने नजरिए में उचित बदलाव ले आए। पास-पड़ोस के जन मानस में भारत के लिए सद्भावना पैदा करना फिलहाल एक सही नीति होगी।

# गहलोत के वादों पर लोगों को नहीं है एतबार

राजस्थान विधानसभा का चुनावी संग्राम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दो वर्षों से कह रहे हैं कि हम राजस्थान में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज तोडेंगे और लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इसके लिए अशोक गहलोत साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। यहां तक की उन्होंने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट की तारीफ करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सरकार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले काफी समय से तरह-तरह की योजनाएं चला रहे थे। अब उन्होंने चुनावी ब्रह्मास्त्र के रूप में अपनी सरकार की तरफ से लोगों को सात गारंटी देने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है की सरकार रिपीट होने पर इन सातों गारंटी को लागू कर आम जनता को इनका फायदा पहुंचाया जाएगा। मगर गहलोत के साथ वही बात हो रही है कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। राजस्थान के मतदाताओं को गहलोत की गारंटी के ऊपर एतबार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब पूरे पांच साल लगातार सरकार चलाई तब इन सब बातों पर अमल क्यों नहीं किया। अब गारंटी देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। मगर दूसरी तरफ विद्युत कंपनियां पिछले 3 साल की ऑडिट के नाम पर बहुत से घरेलू उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के रूप में पांच हजार से बीस हजार रूपये तक का बकाया निकाल कर वसूल रही है। इससे लोगों का गहलोत सरकार के प्रति विश्वास डगमगा गया है।

लोगों का कहना है कि जहां हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन 2500 प्रतिमाह है। वही राजस्थान में चुनाव के नजदीक आने पर सरकार ने उसे बढ़ाकर 1000 किया है। प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं। ऐसे में यदि वरिष्ठ जनों की पेंशन में बढ़ोतरी होती तो उनको जीवन बसर करने में बहुत सुविधा होती। मगर सरकार ऐसा करने में फेल रही है।



गहलोत मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की बहुत तारीफ करते घूमते हैं तथा चुनावी घोषणा पत्र में भी उसे बढ़ाकर 50 लख रुपए प्रति परिवार तक करने का वादा किया है। मगर प्रदेश के 95 फीसदी निजी अस्पतालों में यह योजना चल ही नहीं रही है। सिर्फ सरकारी अस्पतालों में चल रही है जहां की व्यवस्था का तो भगवान ही मालिक है। यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिरंजीवी योजना की राशि को पहले के तरह ही रखकर उसे सभी निजी अस्पतालों में हर बीमारी के उपचार के लिए लागू करवा देते तो प्रदेश की जनता को अधिक फायदा मिलता। मगर ऐसा हो नहीं पाया है।

चुनाव की घोषणा के कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री ने उज्ज्वला योजना में महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की और जब भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर साढ़े चार सो रुपए में सभी महिलाओं को हर माह एक गैस सिलेंडर देने की बात कही तो मुख्यमंत्री भी अब 400 में सिलेंडर देने की बात कहते घूम रहे हैं। मगर कांग्रेस सरकार ने उक्त योजना को सिर्फ उज्ज्वला के लाभार्थियों तक ही सीमित रखा। जबकि ऐसे बहुत से परिवार है जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मगर उनके पास उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन नहीं होने से वह लोग इस तरह के लाभ से वंचित रह गए हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पांच वर्ष का कार्यकाल पार्टी में व्याप्त आंतरिक गुटबाजी व कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई में ही बीत गया। एक साल का समय तो कोरोना की भेंट चढ़ गया और बाकी समय सरकार बचाने को लेकर की गई बाड़ेबंदी में ही गुजर गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम जनों के लिए बहुत बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की थी मगर वह धरातल पर नहीं उतर पाई। बजट के अभाव में बहुत सी सड़कों, जलदाय योजनाओं का काम अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया है। जबकि उन्हें दो साल पूर्व के बजट में शामिल किया गया था। गांव में प्रारंभ किए गए महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से वहां पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई खराब हो रही है।

पिछले 5 साल में जन विरोधी कार्यों के लिए जितनी गहलोत सरकार बदनाम हुई है। उतनी आज तक कोई भी सरकार नहीं हुई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होना तो जैसे सरकार का मुख्य काम ही हो गया है। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होकर बाजार में बिकने के कारण राजस्थान के हजारों नौजवानों के नौकरी लगने से वंचित रह जाने के कारण उनका भविष्य खराब हो गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य बाबूलाल कटारा रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बावजूद सरकार ने उसको आज तक पद से नहीं हटाया है।

प्रदेश में जिस तरह से खनन माफिया हावी है और खान मंत्री प्रमोद जैन भाया पर कांग्रेस के ही वरिष्ठ विधायक भारत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं उसके बावजूद भाया का मंत्री पद पर बना रहना गहलोत सरकार के प्रति लोगों के मन में शक पैदा करता है। महिलाओं के प्रति विधानसभा में गलत बयान करने वाले शांति धारीवाल आज भी सरकार में मंत्री हैं तथा फिर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा राज्य मंत्री रहते जिस तरह से अपने रिश्तेदारों को सरकारी सेवा में अनधिकृत तरीके से भर्ती करवाने को लेकर बदनाम हुए हैं। उनकी बदनामी के दाग शायद ही कभी धूल पाए।

राजस्थान में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात की तुलना में 12 रूपये प्रति लीटर डीजल, पेट्रोल के महंगा बिकने के मुद्दे को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी सभा में उठाया है और वायदा किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तुरंत डीजल, पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा कर उन्हें काम किया जाएगा। इसका प्रदेश के मतदाताओं पर गहरा असर हुआ है। गहलोत सरकार ने कई बार वायदा कर डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी नहीं की। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अधिक होने से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में करीबन 400 पेट्रोल पंप बंद हो चुके हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतों से आम आदमी का सीधा संबंध रहता है। इसलिए यह मुद्दा गहलोत सरकार के गले की घंटी बन गया है।

पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने समर्थक सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र का मिनी मुख्यमंत्री बना दिया था। जिसके चलते क्षेत्र में विधायकों ने मनमानी की और जमकर भ्रष्टाचार किया। जिससे आम मतदाता जिन्होंने बड़ी आशा के साथ कांग्रेस को वोट देकर सरकार बनवाई थी। उनके मन में कांग्रेस के प्रति नकारात्मक धारणा व्याप्त हो गई है। जिसे शायद ही कभी दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री गहलोत सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी राजस्थान में लगातार चुनावी दौरे कर कांग्रेस को जिताने की अपील कर रहे हैं। मगर प्रदेश की जनता के रुझान से लगता है कि उन्होंने इस बार कांग्रेस को सबक सिखाने का दृढ़ संकल्प कर लिया है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# फर्जी खबरों पर कौन लगाएगा लगाम?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीपफेक को लेकर बड़ी चिंता जाहिर की। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि यह बहुत गंभीर खतरा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनका भी एक वीडियो वायरल हुए, जिसमें वे गरबा गा रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज से कहा कि वे इस तरह के वीडियो के साथ चेतावनी जारी करें। लेकिन सवाल है कि अगर पार्टियों की ओर से या संगठनों की तरह से सांस्थयिक रूप से इस तरह के वीडियो और खबरों का प्रचार किया जाएगा तो उसे कैसे रोका जा सकेगा? अगर केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दलों की ओर से फर्जी खबरों का प्रचार होगा तो उसे कौन रोकेगा?

प्रधानमंत्री के चिंता जताने के एक दिन बाद ही एक ऐसी फर्जी खबर फैली, जिससे यह सवाल उठा कि इसे कौन रोकेगा? अचानक पूरे देश में सोशल मीडिया पर यह खबर वायरल हुई कि भारत की अर्थव्यवस्था चार खरब डॉलर की हो गई। इसका एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा था। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उसे ट्विट किया। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने भी ट्विट किया और देश के नंबर दो उद्योगपति गौतम अडानी ने भी ट्विट किया। हालांकि बाद में उन्होंने इसे डिलीट कर दिया। सरकार को इस बात की जांच करानी चाहिए कि किसने और किस मकसद से यह प्रचार किया। इसी तरह जिस दिन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हो रहे थे उस दिन बिहार में अचानक सोशल मीडिया में खबर वायरल हुई कि राज्यपाल ने आरक्षण बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। यह खबर इतनी फैली की मुख्यधारा की मीडिया ने भी दिखाना शुरू कर दिया। बाद में पता चला कि राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी है। ऐसी खबरों पर रोक लगाने का तंत्र विकसित करना होगा।

-मोहन कुमार-

# स्वीप करने का परस्पेशन!

राहुल गांधी 23 सितंबर को जयपुर में कांग्रेस के नए मुख्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे तब उन्होंने एक कार्यक्रम में पांच राज्यों को विधानसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सरकर बनाएगी लेकिन राजस्थान में कांग्रेस को कड़ी टक्कर मिलेगी। उनके इस बयान की बहुत चर्चा हुई। माना गया कि खुद राहुल ने राजस्थान में अपनी पार्टी की संभावना को कम कर दिया। इसके बाद राहुल राजस्थान से दूर रहे। नौ अक्टूबर को चुनाव की घोषणा हुई उसके बाद राहुल का एक कार्यक्रम नहीं हुआ। वे 23 सितंबर के बाद पहली बार 16 नवंबर को राजस्थान पहुंचे। तब उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस राजस्थान में स्वीप करने जा रही है यानी बड़ी जीत हासिल करने जा रही है।



सवाल है 23 सितंबर और 16 नवंबर के बीच क्या बदल गया, जिसकी वजह से राहुल को लग रहा है कि पहले जो मुकाबला कांटे का था वह एकतरफा हो गया है? यह सिर्फ राहुल गांधी की बात नहीं है, बल्कि कांग्रेस के सभी नेताओं में भरोसा बना है कि हर पांच साल पर राज बदलने का राजस्थान का रिवाज कांग्रेस बदल देगी। इस बार कांग्रेस लगातार दूसरी जीत हासिल करेगी। कांग्रेस का यह भरोसा कई कारणों से बना है। इसमें कुछ भाजपा की गलतियां हैं और कुछ कांग्रेस का अपना प्रयास है। भाजपा ने चुनाव शुरू होते ही पहला दांव गलत चल दिया। पार्टी ने उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की उसमें वसुंधरा राजे के कई समर्थकों की टिकट काट दी। साथ ही सात सांसदों को विधानसभा की टिकट दे दी। वह भी ऐसी सीट से, जहां से भाजपा पहले जीती थी। इससे मैसेज बना कि भाजपा नए नेताओं को उतार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ेगी। लेकिन इसके बाद पार्टी अचानक पीछे हट गई और दूसरी सूची में वसुंधरा सहित उनके कई समर्थकों को टिकट दी गई। टिकट बंटवारे की गड़बड़ी और रणनीति के इस यू टर्न से भाजपा के बारे में पहला मैसेज सकारात्मक नहीं बना। इसके बाद चुनाव के अधबीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई नेताओं के यहां केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से यह मैसेज बना कि भाजपा हताशा में ऐसा कर रही है। कांग्रेस नेताओं के लिए सहानुभूति भी बनी।

दूसरी ओर कांग्रेस ने इस बार आक्रामक तरीके से चुनाव लड़ने का फैसला किया। पहले कांग्रेस जब सत्ता में होती थी तब वह बहुत रूटीन के अंदाज में यह मान कर चुनाव लड़ती थी कि हारना ही है। इस बार बजट पेश करने के साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव का टोन सेट कर दिया। उन्होंने सरकार का खजाना खोल दिया। मुफ्त इलाज से लेकर मुफ्त बिजली और सस्ते सिलेंडर से लेकर महिलाओं के खाते में पैसे डालने तक तमाम तरह की लोक लुभावन योजनाओं की घोषणा कर दीं। कई योजनाएं शुरू भी हुई। चुनाव की घोषणा से दो दिन पहले राज्य में जाति गणना कराने का आदेश भी जारी कर दिया। हर विधायक के क्षेत्र में योजनाएं शुरू कीं और उनका शिलान्यास कराया। तभी राहुल गांधी 16 नवंबर को प्रचार के लिए पहुंचे तो उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आ गई तो वह कांग्रेस की शुरू की गई योजनाओं को बंद कर देगी। जाहिर है कि राहुल गांधी को यह फीडबैक मिली है कि अशोक गहलोत की योजनाओं की अपील लोगों में बनी है और वे उनको दोबारा चुनने के बारे में सोच सकते हैं। सो, गहलोत सरकार की योजनाएं और कांग्रेस की गारंटी के काम करने का भरोसा बना है।इसके अलावा एक बड़ा काम यह हुआ है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट सार्वजनिक रूप से एक दूसरे के साथ दिख रहे हैं। उन्होंने अपनी लड़ाई को स्थगित कर दिया है। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसी ईडी ने अशोक गहलोत के बेटे को पूछताछ के लिए बुलाया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यहां छापे मारे तो कांग्रेस की ओर से बचाव की कमान सचिन पायलट ने संभाली। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस करके एजेंसी की कार्रवाई की आलोचना की। लंबे समय के बाद यह भी हुआ कि पिछले दिनों सचिन पायलट ने अशोक गहलोत को ट्विट को रिट्विट किया। जब राहुल गांधी जयपुर पहुंचे तो गहलोत और पायलट उनके अगल बगल थे और उन दोनों की मौजूदगी में राहुल ने स्वीप करने का भरोसा जताया। राहुल के 23 सितंबर के कार्यक्रम में पायलट अनमने तरीके से शामिल हुए थे और सिर्फ ढाई मिनट में भाषण खत्म कर दिया था। लेकिन वे अब मेहनत करते दिख रहे हैं। तभी एकजुट होकर लड़ती दिख रही कांग्रेस में जीत का भरोसा बना है।

-हरिशंकर व्यास-

# भारत की बढ़ती विशाल जनसंख्या के प्रति अनदेखी


### सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का बोझ

भारत की विशाल जनसँख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर,
छत्तीसगढ़

खासी चर्चा का विषय बनी हुई है7 भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास है। जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए पार जाने के बाद वह धीरे-धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती है। वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर है । हमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है । पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है,अभी भारत की जनसँख्या अनुमानित 140 करोड के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है। यह विश्व की जनसंख्या की 17.4प्रतिशत होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 140 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं । आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं है । राजनेता वोटो की राजनीती के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए है । इसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है ।



मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितिय अनुपात में आगे बढ़ती है,और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता है। उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती है। जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती है। करोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उतारा। ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती है। वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता,धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं। पर आज वैश्विक स्थिति में भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है। इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही है। भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खीताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ है। इसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी था। आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई है। भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया है। आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने-सामने हो गई हैं। विदेशी कंपनी अमेज़न आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत है। उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगी। वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई-कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा है।दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेजॉन के साथ रिलायंस कंपनी का भविष्य कानून की लड़ाई के उपरांत ई-कॉमर्स का भविष्य ही निर्धारित होगा । अमेजॉन के संस्थापक जैफ बेजॉस ने अमेजॉन को वैश्विक पैमाने पर रिटेल के धंधे को परिवर्तित करके रख दिया है। पर रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी जो कथित रूप से भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनका इतिहास भी किसी भी कानूनी अथवा बाजार की लड़ाई में हारने वालों में नहीं रहा है। अब अमेजॉन तथा रिलायंस के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है कि दोनों कंपनियों द्वारा भारत की एक भारतीय रिटेल कंपनी फ्यूचर रिटेल ग्रुप के साथ अलग-अलग सौदे किए हैं । यदि भारत की रिलायंस कंपनी को फ्यूचर रिटेल ग्रुप से सौदे की मंजूरी मिल जाती है तो रिलायंस कंपनी को रिटेल में उसकी पहुंच भारत के 420 शहरों में अट्ठारह सौ से 2000 हजार स्टोर तक हो जाएगी। क्योंकि रिलायंस के पास पैसा राजनैतिक ताकतदोनों है,जो कि व्यापार के लिए अति आवश्यक होती। हालांकि ई-कॉमर्स व्यवसाय में रिलायंस कंपनी को अभी बहुत कुछ हासिल करना है,उस उस क्षेत्र में महारत हासिल नहीं है। और यदि अमेजॉन सफल होती है,तो रिलायंस कंपनी को एक बड़ा नुकसान भी झेलना पड़ सकता है। ऐसे में यदि आकलन करें तो भारत की ही उपभोक्तावादी निर्माण कंपनियों को जनसंख्या एक वरदान के रूप में दिखाई देने लगी है, जबकि प्रशासन और शासन के लिए जनसंख्या विस्फोट बहुत बड़ा नकारात्मक पहलू होगा, एवं सारी सुविधाएं मुहैया कराना एक बहुत कठिन कार्य भी हो सकता है, और इससे विकास कार्यों में बड़ी बाधा उत्पन्न होने शर्तिया संभावना है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना


# हिंसामुक्त नारी समाज का सपना अधूरा

पूरे विश्व में महिलाओं के प्रति हिंसा, शोषण एवं उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के उन्मूलन हेतु संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रतिवर्ष 25 नवंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। भारत ही नहीं, दुनियाभर की महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, शोषण, असुरक्षा एवं उत्पीड़न की घटनाएं एक गंभीर समस्या है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं पर की जा रही इस तरह हिंसा के उन्मूलन के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के समूह व संगठन महिलाओं की समाज में चिंताजनक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने लाने के लिए विविध उपक्रम किये जाते हैं। कई महिला अधिकार कार्यकर्ता एवं संगठन इस दिन दुनिया को महिलाओं के खिलाफ हिंसा से मुक्त कराने के लिए नारीवादी आंदोलनों का समर्थन करते हैं। यह दिवस उन मिराबल बहनों का भी सम्मान करता है जिनकी वर्ष 1960 में इसी दिन राजनैतिक कार्यकर्ता डोमिनिकन शासक राफेल ट्रुजिलो (1930-1961) के आदेश पर तीन बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल की क्रूरता से हत्या कर दी थी। इन तीनों बहनों ने ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किया था। महिला अधिकारों के समर्थक व कार्यकर्ता वर्ष 1981 से इस दिन को इन तीनों बहनों की मृत्यु की स्मृति के रूप में मनाते हैं। देश एवं दुनिया में विकास के साथ-साथ महिलाओं के प्रति हिंसक सोच थमने की बजाय नये-नये रूपों में सामने आती रही है। इसी हिंसक सामाजिक सोच एवं विचारधारा पर काबू पाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा-उन्मूलन दिवस महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़ा एक ऐसा दिवस है जो दायित्वबोध की चेतना का संदेश देता है, महिलाओं के प्रति एक नयी सभ्य एवं शालीन सोच विकसित करने का आह्वान करता है। यह दिवस उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव एवं नारी-हिंसा की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी हिंसक गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य समाज की बेतहाशा दौड़ को दर्शाती है। इस दिवस को मनाने के उद्देश्यों में महिलाओं के प्रति बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने का संकल्प भी है। यह दिवस नारी को शक्तिशाली, प्रगतिशील और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है। हर घंटे में पांच से अधिक महिलाओं या लड़कियों की उनके ही परिवार में किसी न किसी द्वारा हत्या कर दी जाती है। लगभग तीन में से एक महिला को अपने जीवन में कम से कम एक बार शारीरिक और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ा है। 86 प्रतिशत महिलाएँ और लड़कियाँ लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कानूनी सुरक्षा के बिना देशों में रहती हैं। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे प्रचलित और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। यह संकट कार्यस्थल और ऑनलाइन स्थानों सहित विभिन्न सेटिंग्स में तीव्र हो गया है, और महामारी के बाद के प्रभावों, संघर्षों और जलवायु परिवर्तन के कारण और भी गंभीर हो गया है। अनुमान है कि दुनिया भर में 35 प्रतिशत महिलाओं ने शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किसी नॉन-पार्टनर द्वारा अपने जीवन में किसी बिंदु पर किया है। हालांकि, कुछ राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं ने अपने जीवनकाल में एक अंतरंग साथी से शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किया है।

-ललित गर्ग-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोह माया



कबतक यूं उड़ते रहोगे
मोह माया के जंजीरों में,
कब तक यूं भटकते रहोगे ,
लक्ष्य की तलाशों में ।
है हिम्मत तुम में
तो कर फैसला अब ,
चीर के निकल जा
तू आसमा के चाहत में ।।
ना डर किसी से ,ना ठहर तू अब ,
चलते जा तू ,
सफलताओं के पग में।
कहर भी ठहर जायेगी
देख के हिम्मत तेरी,
चीर के निकल जा तू
आसमा के चाहत में ।।
ना सुन तू दुनिया वालों की ।
अनदेखा बन तू ईर्ष्या वालों की।।
कहने को तो दुनिया वाले तुम्हें ,
नालायक ही कहेंगे ।
पर याद रखना ,,
जब तुम छुओगे आसमा तो ,
पीछे तालियां भी वही बजाएंगे ।।
मत सोच क्या होगा आगे
निरंतर पग बढ़ा
मंजिलों की सीडी में ।।
है हिम्मत तुम में ,
तो कर फैसला अब।
चीर के निकल जा तू
आसमा के चाहत में।।



शुभम सिन्हा
छैलडोंगरी,
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कोई थी

कोई थी जो हर पल
मेरे साथ रहती
हर समस्याओं में
मुझे परामर्श करती
कोई थी जो मुझसे
नित प्रतिदिन बातें करती
जिससे मेरे चेहरों पर
मुस्कुराहट बनी रहती
कोई थी जो मुझे
रात जागरण कराती
हंसी मजाक ठहाकों से
वो मेरी नींद उड़ाती
कोई थी जो मुझे मेरे हालात बताती
मुझ में उत्पन्न हो रही
सवाल वो हल कराती
कोई थी जो मुझे हिम्मत दिलाती
डर भय अंधकार से
लड़ने का ताकत बतलाती
कोई थी जो मुझे
हर एक बातें बताती
बिताए दिनों की
क्रियाकलाप सुनाती




शशांक कंसारी
विद्यार्थी
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## क्यों,इस कदर अधीर हैं?

जीत न पाने के गम में,
क्यो इस क़दर अधीर है।
जमकर तैयारी करना हैं,
फिर से लड़ना है,
आप तो हमारे सच्चे वीर हैं।
हाँ,चाहने वालों के,
आशाओं के घने बादल हैं,
जीत ही चाहिए जिन्हें,
जिद्दी हैं, पागल हैं।
वो बादल द्रवित हुआ है,
ये आपकी आंखों से,
छलकते हुए जो नीर हैं।
क्यों इस क़दर अधीर हैं...
मान लीजिए कि,
आज उनका ही दिन है।
वो सफल होते गए,
और हम प्रयासोपरांत,
विजयश्री विहीन है।
अपना भी दिन आएगा,
आखिर अपना भी तक़दीर है।
क्यों इस क़दर अधीर हैं....
आपने स्वेद बहाया है,
अबआँसू मत बहाइये।
एक हार के लिए,
कई जीत को न भुलाइये।
आपके तरकस में तो,
अनेक प्रचंड तीर हैं।
क्यों इस क़दर अधीर हैं।



-जीवन
चन्द्राकरलाल
दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# तुलसी-शालिग्राम का विवाह कराकर विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित पूरे संभाग में गुरुवार को देवउठनी एकादशी पर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी की पूजा की। देवउठनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो गया। देवउठनी एकादशी को सरगुजा में छोटी दिवाली के रूप में मनाते हैं। इस लिए बाजार में दिवाली की तरह रौनक रही। पूरे दिन गन्ना, फूल माला व अन्य पूजा के सामान खरीदने लोगों की भीड़ लगी रही। लोगों ने दिवाली की तरह की घरों की साफ-सफाई कर शाम को पूजा अर्चना की। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने घरों के बाहर आकर्षक रंगोली भी बनाई।



देवउठनी एकादशी पर दिवाली जैसा माहौल रहा। इस दौरान गन्ने की जमकर खरीदारी हुई। एक दिन पूर्व ही शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र के किसान गन्ना लेकर पहुंचे थे। गन्ना 40-50 रुपए जोड़ी बिका। इसके अलावा फूल, माला की भी बिक्री जमकर हुई। वहीं देवउठनी एकादशी पर गन्ने के अलावा शकरकंद का भी विशेष महत्व है। लोगों ने इसकी भी खरीदारी की, इसलिए बाजारों में काफी भीड़ देखी गई। दिवाली के बाद पुनः छोटी दिवाली के रूप में देवउठनी एकादशी का इंतजार रहता है। देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी व शालिग्राम का विवाह करायाा। इसके बाद पूरी रात दिवाली की तरह लोगों ने आतिशबाजी की।

# बच्चों के उत्तरजीविता,विकास,संरक्षण, भागीदारी का अधिकार है भारतीय संविधान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटया व कतकालो में बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी के कार्यक्रम समन्वयक समीर कुमार पांडेय ने कहा बच्चों के उत्तरजीविता, विकास, संरक्षण, भागीदारी का अधिकार भारतीय संविधान में है। अज्ञानता, जागरूकता, रुढिवादिता, आर्थिक स्थिति के कारण बच्चों के अधिकारों का हनन होता है। इनके अधिकारों का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जि मेदारी है। इस मौके पर द्वय स्कूल के बच्चों के द्वारा बालसभा, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधि, किड्स टेक ओवर एवं गो ब्लू कार्यक्रम किया गया। बाल सभा में बच्चों ने खुद से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और इसका हल निकाला। बच्चों ने दौड़, कब्बड्डी, खो-खो पिट्ठू, कुर्सी दौड़ खेल कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया। किड्स टेक ओवर कार्यक्रम में शिक्षक, डॉक्टर, सरपंच, प्रधान पाठक, नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, रिपोर्टर एवं एंकर की भूमिका बच्चों ने निभाई। बच्चे गो ब्लू गतिविधि में सहभागी हुए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कतकालो की प्रधान पाठक मंजू लीना किस्पोट्टा, शिक्षिका कुरैशा खातून, किरण निगम, सपना सिन्हा, वनिता पांडेय, मीरा भगत, सीमा गुप्ता एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटया के प्रधान पाठक नरेंद्र कुमार भारतीय, सुखनन्दन सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक मनीलाल सिंह, सिसिल्या तिर्की, सुमन पूरी, मुक्ति मनीला तिर्की, अनिता तिर्की ने भी बच्चों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। आयोजन यूनिसेफ, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार वेधशाला एवं चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी अंबिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

## दुकान का ताला तोड़कर रुपयों की चोरी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ रोड में संचालित लोहा सरिया दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने काउंटर से 5 हजार रुपए पार कर दिए। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार करन गर्ग रामनिवास कालोनी का रहने वाला है। इसका मनेन्द्रगढ़ रोड अंबिकापुर में लोहा सरिया का दुकान है। 8 नवंबर की रात को अज्ञात चोर ने दुकान का ताला तोड़कर काउंटर से 5 हजार रुपए पार कर दिया। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में 22 नवंबर को दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

गगोली खालपारा में 20 नवंबर की शाम को दो बाइकों की आनम-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दुर्जन तिर्की पिता एतवा तिर्की उम्र 35 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम गगोली का रहने वाला था। वह 20 नवंबर को बाइक से बाजार सहनपुर गया था। शाम को वापस आने के दौरान गगोली खालपारा के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे दुर्जन तिर्की की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने दुर्घटनाकारी बाइक सवार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## एसडीएम और नजूल अधिकारी ने अतिक्रमण रोकने के संबंध में आरआई और पटवारियों की ली बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को एसडीएम अम्बिकापुर पूजा बंसल एवं नजूल अधिकारी डीएस उईके द्वारा अम्बिकापुर एवं दरिमा क्षेत्र के समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक ली गई। एसडीएम अम्बिकापुर बंसल ने बताया कि बैठक में अम्बिकापुर एवं दरिमा क्षेत्र में अतिक्रमण एवं अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए टीम के साथ कार्ययोजना बनाई गई है। इसके साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को इसके संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि समस्त राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण के संबंध में जानकारी संज्ञान में आने पर संबंधित आरआई और पटवारी पर कार्रवाई भी की जा सकती है।



## जिले के कलेक्टर एसपी निकले स्कूल निरीक्षण में अवैध नीलगिरी कटाई पर कार्यवाही के निर्देश

- संवाददाता -
लखनपुर, 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार एसपी सुनील शर्मा सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखण्ड निम्हा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने व्यवस्था को जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निरीक्षण से वापस लौटने के दौरान गणेशपुर में नीलगिरी पेड़ की कटाई होता देख वहां रुके और कटाई के संबंध में पूछताछ की गई परंतु संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर एसडीएम बि.आर.खांडे को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं जिस पर एसडीएम बि.आर.खांडे के द्वारा नीलगिरी लकड़ी से लोड ट्रक को जप्त कर लखनपुर थाना लाकर सुपुर्द किया गया है साथ ही राजस्व वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग साथी के साथ मिलकर युवक करता था दुकान में चोरी,गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

शहर के सत्तीपारा ब्रह्म रोड में स्थित खालसा ट्रेडिंग कंपनी में 9 नवंबर की रात को अज्ञात चोर द्वारा दुकान के साइड का चैनल गेट का ताला तोड़कर 2.50 लाख रुपए काउंटर से पार कर दिया था। कंपनी के संचालक गुरप्रीत सिंह भाटिया ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया था कि पांच माह के अंदर दो बारी मेरे दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो वह एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर उक्त दुकान में दोनों बार चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी शिवांग चौहान पिता इंद्रजीत चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी गांधीनगर सोनी मोहल्ला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने इसके कब्जे से दुकान से चोरी किए गए रुपए से खरीदा हुआ 1 बाइक व मोबाइल बरामद किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, मंटू गुप्ता, राहुल सिंह शामिल रहे।

## महिला ने पति व ससुर पर लगाई दहेज प्रताड़ना का आरोप,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

एक महिला ने अपने पति व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पति व ससुर द्वारा दहेज की मांग लगातार किए जाने से परेशान महिला ने मायके पक्ष में अपने हिस्से की जमीन बेचकर दो लाख देने के बाद भी उसे घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम नवापारा प्रेमनगर जिला सूरजपुर निवासी पीड़ित महिला ने बताया कि उसका सामाजिक रीति रिवाज से 2022 में मोमिनपुरा निवासी महताब आलम पिता इमाम अली से हुई थी। लगभग दो माह से उसके और उसके पति के बीच लडाई झगडा होने लगा। पति द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी जिस कारण हमेशा घर में लड़ाई हो रही थी। पीड़ित महिला को मायके से जमीन का हिस्सा मिला था, जिसे बेचकर उसने अपने पति को 2 लाख रुपए दिये थे। पीड़ित महिला ने जमीन अपने नाम से खरीदने के लिये दी थी। जिसे लेकर पति भाग गया। इसके बाद सामाजिक बैठक कराया गया, जिसमें पति ने उसे बोला की पैसा वापस कर दूंगा और अच्छे से रखूंगा ,किन्तु उसके बाद भी अच्छे से नहीं रखा गया। ससुर ईमाम अली मारपीट कर घर से निकाल दिये और मेरे पति छोड दिया हैं। महिला अपने ससुराल जाती है तो उसके साथ मारपीट होती है। मामले में जांच उपरांत महिला थाना पुलिस ने पति और ससुर के विरुद्ध धारा 498-ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# मतगणना प्रशिक्षण से निर्वाचन परिणाम घोषणा प्रमाण-पत्र अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

» सीईओ कार्यालय छत्तीसगढ़ की ओर से डिप्टी कलेक्टर अर्चना पाण्डेय ने मतगणना स्थल पहुंचकर चेकलिस्ट अनुसार तैयारियों का लिया जायजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 17 नवम्बर को मतदान संपन्न होने के पश्चात 3 दिसम्बर को मतगणना होनी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य हेतु आवश्यक तैयारियां जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतगणना हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, जिसमें सरगुजा जिले हेतु उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यू एस अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना पाण्डेय को मतगणना प्रशिक्षण से निर्वाचन परिणाम घोषणा प्रमाण-पत्र, इण्डेक्स कार्ड, रिटर्निंग अधिकारी रिपोर्ट जारी होने तक सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है।

मतगणना सम्बन्धी आवश्यक तैयारियों हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना पाण्डेय ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर की रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही के साथ मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल की जांच कर चेकलिस्ट के अनुसार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता हेतु प्रवेश, अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश मार्ग, सामान्य प्रेक्षकों हेतु बैठक





व्यवस्था, मीडिया हेतु बैठक व्यवस्था, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर मतगणना सम्बन्धी घोषणा हेतु लाउडस्पीकर, सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन सहित अन्य तैयारियों का जायजा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का अवलोकन कर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही निगरानी की भी जांच की।

# बातचीत बंद करने से नाराज पड़ोसी ने युवक को उतार दिया मौत के घाट




- संवाददाता -
सूरजपुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सोनगरा सारसतालपारा में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले युवक की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी क्योंकि युवक ने उससे बातचीत बंद कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गत 16 नवम्बर को भोर में सारसतालपारा निवासी रामेश्वर राजवाड़े की चीख पुकार सुनकर उसका बड़ा भाई उमाशंकर, रामेश्वर के घर पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसका शव पड़ा हुआ था जिसके सिर व चेहरे पर धारदार हथियार से मारे जाने के निशान थे। घटना की सूचना उमाशंकर ने तत्काल पुलिस को दी जिसपर पुलिस द्वारा हत्या का अपराध दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की गयी। इस दौरान पुलिस ने कई संदेहियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो उसके घर के पास रहने वाले आलम साय पिता स्व. बिहारीसाय ने हत्या करने की बात स्वीकार की तथा बताया कि रामेश्वर से उसका अच्छा संबंध था तथा दोनों एक दूसरे घर आना-जाना करते थे मगर पिछले कुछ दिनों से रामेश्वर उससे बात नहीं कर रहा था, कई बार बात करने का प्रयास करने पर भी जब आलमसाय को सफलता नहीं मिली तो वह उसे मारने के लिये मौके का इंतजार करने लगा। घटना दिनांक 16 नवम्बर को वह रामेश्वर के घर में घुसा तथा आंगन के रास्ते वह उसके कमरे में गया जहां सोते हुए रामेश्वर को टांगी से तीन-चार बार मारा तथा टांगी को दूर लेजाकर छुपा दिया। जिसे पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक फर्दीनन्द कुजूर, उपनिरीक्षक अश्विनी पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक जीपी यादव, लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक सुन्दरलाल, पूरनचंद राजवाड़े, करन सिंह नेताम, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, भोलाशंकर राजवाड़े, मोहम्मद नौशाद, प्रभाकर सिंह, महिला प्रधान आरक्षक सरिता कुजूर, महिला आरक्षक आशा लकड़ा, प्रीति, हेमा, सुनीला सक्रिय रहे।

# कलेक्टर-एसपी ने लखनपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल निम्हा का किया निरीक्षण

» बच्चों से सीधे किया संवाद, अनुशासित होकर शिक्षा लेने की दी सीख

» बच्चों के शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं के मद्देनजर जिला अधिकारियों को स्कूलों,आश्रम छात्रावासों के सतत निरीक्षण के निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने गुरुवार को लखनपुर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल निम्हा का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने स्कूल का सघन निरीक्षण किया और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी स्कूल प्राचार्य से ली। उन्होंने इस दौरान बच्चों से भी सीधे संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं से रूबरू हुए।







कलेक्टर श्री कुन्दन और एसपी श्री सुनील ने खेल के मैदान में हायर सेकंडरी के छात्र छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है। ये आगे के जीवन में आपका मददगार साबित होता है। इस दौरान बच्चों ने भी खुलकर अपनी बातें कलेक्टर-एसपी के समक्ष रखी। उन्होंने बच्चों को सभी सुविधाएं देने और स्कूल में जरूरी सुधार करने अधिकारियों एवं स्कूल प्राचार्य को निर्देशित किया है। उन्होंने स्कूली व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने आवश्यक सुधार कराए जाने की जानकारी संज्ञान में आने पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश स्कूल प्राचार्य को दिए। बता दें कि कलेक्टर श्री कुन्दन द्वारा सभी जिला अधिकारियों को छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं के मद्देनजर स्कूल, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ उन्होंने जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी, संप्रेक्षण गृहों आदि के निरीक्षण कर भी रिपोर्ट प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

CMYK

# चुनाव आयोग ने इमरान की पार्टी को 20 दिन में आंतरिक चुनाव कराने को कहा,साइफर मामले में ये है अपडेट

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने गुरुवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को 20 दिन के भीतर पार्टी के भीतर चुनाव कराने का आदेश दिया ताकि बल्ले को अपने चुनाव चिह्न के रूप में बरकरार रखा जा सके।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने संविधान के अनुसार पारदर्शी चुनाव नहीं कराए। आयोग ने अगस्त में पीटीआई को अंतिम चेतावनी दी थी कि वह चुनाव कराए अन्यथा उसे चुनाव चिह्न हासिल करने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। चुनाव पार्टी के संविधान के तहत 13 जून, 2021 को होने वाले थे, लेकिन इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था। पीटीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले गौहर अली खान ने कहा था कि पार्टी के चुनाव संविधान में संशोधन से पहले हुए थे।

हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त ने दावा किया कि पीटीआई ने 8 जून, 2022 को अपने संविधान में संशोधन किया और 10 जून, 2022 को पार्टी के भीतर चुनाव कराए। डॉन अखबार की खबर के अनुसार खान ने यह भी कहा कि पार्टी संविधान में संशोधन बाद में वापस ले लिया गया।


साइफर मामले में सुनवाई के लिए इमरान खान को अदालत में पेश होने का आदेश

पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को अधिकारियों को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले की सुनवाई के लिए 28 नवंबर को संघीय न्यायिक परिसर में पेश करने का आदेश दिया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुआल हसनत जुल्करनैन ने संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में मामले की सुनवाई के दौरान यह निर्देश तब जारी किया जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रक्रियात्मक आधार पर दोनों के खिलाफ जेल में चल रही सुनवाई को अमान्य घोषित कर दिया।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने उसी अदालत के एकल पीठ के फैसले के खिलाफ खान की अंतर-अदालत अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में उनके मुकदमे के खिलाफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष की अपील को खारिज कर दिया था। गुरुवार को न्यायाधीश ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति मांगी और खान तथा कुरैशी को 28 नवंबर को तलब किया और मामले की सुनवाई तब तक के लिए स्थगित कर दी।

## गोलियों से छलनी मिला भारतीय छात्र का शव,मौत;कार को हमलवारों ने बनाया निशाना

**वाशिंगटन,23 नवम्बर 2023।** अमेरिका को ओहियो से एक बुरी खबर सामने आई है। जहां एक भारतीय छात्र की गोली मार हत्या कर दी, छात्र का शव कार से बरामद किया गया। जिसके बाद से ही क्षेत्र में दहशत का




माहौल है। घटना को मेडिकल विश्वविद्यालय ने दुखद करार दिया। बता दें मृतक आदित्य सिनसिनाटी मेडिकल विश्वविद्यालय में आणविक, विकासात्मक जीव विज्ञान विषय का चौथे वर्ष का छात्र था। हैमिल्टन काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुताबिक, आदित्य की इस माह के शुरुआत में मौत हो गई थी। सिनसिनाटी पुलिस के मुताबिक, एक वाहन में अंदर गोली लगे हुए शव को बरामद किया गया। पुलिस ने कहा, वहां से गुजरने वाले एक ड्राइवर ने वाहन की सूचना दी। जिसके बाद आदित्य को मेडिकल सेंटर ले जाया गया लेकिन दो दिन बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि मामले में अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें मृतक आदित्य चिकित्सा में अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए भारत से अमेरिका के सिनसिनाटी आए थे। 2020 में नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से फिजियोलॉजी में आदित्य ने स्नातकोत्तर किया था। बताया जा रहा है कि आदित्य पर हमलावरो ने तकरीबन तीन गोलियां चलाई थी।

# राजनयिक संबंधों में दरार के बीच वर्चुअल मीटिंग में PM जस्टिन ट्रूडो हुए शामिल,कहा- कानूनों का रखें ख्याल

**टोरंटो,23 नवम्बर 2023।** खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की मौत के बाद से ही कनाडा और भारत के रिश्तों में खटास आई है। जिसके कारण भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में तनातनी दिखी। कनाडा के पीएम ने अपने संसद में भारत की खुफिया एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि निज्जर की मौत के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसी का हाथ है। जिसके बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में खासा तल्खियां देखने को मिली हैं। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकी घोषित किया था। वहीं जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और पूर्वाग्रह से ग्रसित बताते हुए खारिज किया था।

ट्रूडो बोल- अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बनाए रखें

भारत द्वारा वर्चुअल जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपने संबोधन में %कानून के शासन% और %अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बनाए रखने की जरूरतों पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए हमें अहम कदम उठाने होंगे। ट्रूडो के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सितंबर में आयोजित हुई जी20 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित लक्ष्यों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए इस वर्जुअल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।



ट्रूडो ने कहा- सबको साथ लेकर चलना होगा

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा, वित्तीय संस्थान सुधार, लैंगिक समानता, डिजिटल प्रौद्योगिकी समेत कई वैश्विक प्राथमिकताओं को लेकर आगे बढ़ना होगा। साथ ही कहा, विश्व के लोगों के लिए मजबूत, स्वस्थ भविष्य का निर्माण करना होगा। निम्न, निम्न-मध्यम आय वाले देशों की आवश्यक वित्त पोषण व्यवस्थाओं तक पहुंच बनाने पर भी प्रकाश डाला गया।

### युद्धों ने लोगों को प्रभावित किया-ट्रूडो

यूक्रेन-रूस युद्ध का जिक्र करते हुए ट्रूडो ने रूस की जमकर निंदा की। उन्होंने कहा, इन युद्धों से सबसे निर्बल लोग वैश्विक प्रभावों से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान फिर से उन्होंने कानून के शासन का पालन करने के महत्व पर जोर दिया है। अपने संबोधन में उन्होंने हमास-इस्राइल युद्ध की भी निंदा की। कनाडाई पीएम ने इस युद्ध में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने का आग्रह किया है और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया।

## रूसी अभिनेत्री की लाइव शो में हुई मौत,सैनिकों के लिए परफॉर्म कर रही थीं;तभी यूक्रेन का हमला

**मॉस्को, 23 नवम्बर 2023।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध हो रहा है। हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन ताजा घटनाक्रम दिल दहलाने वाला है। लाइव शो के दौरान यूक्रेन की तरफ से हुए हमले में रूसी अभिनेत्री की मौत की बात सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी यूक्रेन में रूसी सैनिकों के लिए परफॉर्म कर रहीं, पोलिना मेन्शिख की मौत हो गई।

रूस के थिएटर में काम करती थीं 40 वर्षीय अभिनेत्री

यूक्रेन ने जहां हमला किया इसे मीडिया रिपोर्ट में रूसी-नियंत्रित क्षेत्र बताया जा रहा है। 40 वर्षीय अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख जिस रूसी थिएटर में काम करती थीं, उससे जुड़े लोगों ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि डोनबास क्षेत्र में मंच पर प्रदर्शन करते समय यूक्रेन की तरफ से हमला हुआ। इस हमले में पोलिना की मौत हो गई।





### 19 नवंबर को हमला हुआ

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमले के विवरण की पुष्टि नहीं हो सकी है। दोनों पक्षों के सैन्य अधिकारियों ने पुष्टि की कि 19 नवंबर को पूर्वी यूक्रेन में हमला हुआ था। रूस के सरकारी टेलीविजन पर आई रिपोर्ट के मुताबिक डोनेट्स्क क्षेत्र के एक गांव में एक स्कूल और सांस्कृतिक केंद्र पर HIMARS मिसाइल से हमला किया गया। इसे कुमाचोवो कहा जाता है। इस जगह की दूरी अग्रिम पंक्ति से 60 किमी (37 मील) दूर है।

## पाकिस्तान में आंतकियों का साया गहराया, एक दिन में चार जगह हुए बम विस्फोट;दो सैनिकों समेत नौ की मौत

**इस्लामाबाद ,23 नवम्बर 2023 ।** आजकल पाकिस्तान में आंतकी घटनाओं की संख्या तेजी से बढ़ गई है। आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से में आतंकी हमला होने की खबर आ ही जाती है। अब पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के अशांत कबायली इलाकों में चार अलग-अलग आतंकी घटनाओं की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इन हमलों में दो सैनिकों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान और बाजौर कबायली जिलों में बुधवार को बम विस्फोट की घटनाएं हुई हैं।



**यह हुए हादसे**

1. उत्तरी वजीरिस्तान जिले के रजमक इलाके में सुरक्षा बलों के एक काफिले पर आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक मारे गए।

2. दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना में एक दुकान में हुए बम विस्फोट में बुजुर्ग असलम नूर, उनके दो बेटों और एक स्थानीय दुकानदार की मौत हो गई।

3. बाजौर कबायली जिले में दो अलग-अलग विस्फोट हुए। पहला बम विस्फोट एक कार में हुआ, इसमें दो सामाजिक कार्यकर्ताओं की जान चली गई। दूसरा हमला मामोंड तहसील के दामदोला में सड़क किनारे हुआ। इस बम विस्फोट में जेयूआईएफ के नेता अमीर उल इस्लाम के पिता सत्तार खान उस्ताद की मौत हो गई।

**आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि हुई**

हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि हुई है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठनों ने सुरक्षा बलों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है और अक्सर नागरिक भी उनके निशाने पर आ जाते हैं।

# मुजीब उर रहमान के हत्यारे के प्रत्यर्पण के लिए सरकार फिर दायर करेगी याचिका

**ढाका,23 नवम्बर 2023 ।** बांग्लादेश सरकार ने शेख मुजीब उर रहमान के हत्यारे नूर चौधरी के प्रत्यर्पण के लिए कनाडा में फिर से अपील की है। दरअसल एक नई डॉक्यूमेंट्री में खुलासा हुआ है कि बंगबंधु मुजीब उर रहमान का हत्यारा नूर चौधरी कनाडा में आराम से रह रहा है। इसी डॉक्यूमेंट्री के आधार पर बांग्लादेश सरकार ने नूर चौधरी के प्रत्यर्पण के लिए कनाडा में नई याचिका दायर की है।

### 28 सालों से कनाडा में रह रहा हत्या का दोषी

बांग्लादेश के कनाडा में उच्चायुक्त खलीलुर रहमान ने कहा है कि हम डॉक्यूमेंट्री से मिले नए सबूत के बाद चुपचाप नहीं बैठे हैं। हम उसके जल्द प्रत्यर्पण के लिए कनाडा सरकार के सामने नई अपील कर रहे हैं। रहमान ने बताया कि नूर चौधरी साल 1996 में कनाडा आया था और बीते 28 सालों से कनाडा में आराम से रह रहा है, जबकि वह एक गंभीर अपराध में दोषी है। बांग्लादेश सरकार उसके प्रत्यर्पण की कोशिश कर रही है।



### बांग्लादेश ने पश्चिमी देशों की आलोचना की

कनाडा में बांग्लादेश के उच्चायुक्त ने बताया कि %हमारा दोस्त कनाडा हमारी चिंता को नहीं समझ रहा है। कनाडा और अन्य विकसित राष्ट्र मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावा देने की बात करते हैं लेकिन नूर चौधरी ने मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और मानवता के खिलाफ अपराध किया। इसके बावजूद कनाडा उसे बचा रहा है। वह एक हत्यारे के अधिकारों की रक्षा कर रहे हैं लेकिन पीड़ित परिवार के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। यह सच में डबल स्टैंडर्ड हैं।

### डॉक्यूमेंट्री से हुआ खुलासा

खलीलुर रहमान ने कहा कि हम पहले से जानते थे कि नूर चौधरी उस घर में रहता है लेकिन वह कभी कैमरे पर नहीं पकड़ा गया था। अब डॉक्यूमेंट्री से सभी को पता चल गया है कि वह कनाडा में 28 सालों से रह रहा है। इसलिए हम कनाडा सरकार के सामने नई याचिका दायर करेंगे। 15 अगस्त, 1975 की सेना के कुछ जूनियर अफसरों ने ढाका में 32 धनमंडी स्थित शेख मुजीब उर रहमान के आवास पर हमला बोल दिया था। इस हमले में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख मुजीब उर रहमान समेत उनके पूरे परिवार की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उस समय शेख मुजीब की दो बेटियां इस हमले में बच गई थी, उन्हीं में से एक शेख हसीना बांग्लादेश की वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

## अमेरिका की बाइडन सरकार में जवाबदेही की भारी कमी,पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के सहयोगी काश पटेल का दावा

**वॉशिंगटन,23 नवम्बर 2023।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन में रहे एक अधिकारी का कहना है कि अमेरिका की सरकार में उन लोगों द्वारा जवाबदेही की भारी कमी है, जिन्होंने कानून की धज्जियां उड़ाई हैं और पद पर बने हुए हैं।

**नई किताब गवर्नमेंट गैंगस्टर में दावा-** ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सहायक और भारतीय-अमेरिकी अटॉर्नी काश पटेल की नई किताब में अमेरिकी नौकरशाही की बहुत ज्यादा आलोचना की गई है। उनकी नई किताब गवर्नमेंट गैंगस्टर में कहा गया है कि अमेरिका की सरकार में कानून तोड़ने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है।



**भारत-अमेरिका के रिश्तों पर भी बात-** पटेल ने एक अन्य संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के हितों को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक पटल पर बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, हालांकि अभी, जैसा कि मैं देखता हूं, भारत अमेरिकी संबंधों की तुलना में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) संगठन में अधिक शामिल है। यह राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता नहीं देने का सीधा परिणाम है।

पटेल ने कहा,किताब लिखने के पीछे का मकसद यह था कि मैंने दोनों प्रशासनों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) में 16 साल तक काम किया। इस दौरान मुझे समझ आ गया कि सरकार में उन लोगों द्वारा जवाबदेही की भारी कमी है, जिन्होंने पद पर रहते हुए कानूनों को तोड़ा है। मैंने सोचा कि जो मैंने देखा और महसूस किया है उसे सबके सामने लाऊं। इसलिए मैंने लिखने का फैसला किया। साथ ही इस समस्या का समाधान प्रदान करने की कोशिश का एक हिस्सा था कि किस प्रकार सरकार में शीर्ष पर बैठे प्रभावशाली लोगों की गुप्त साजिशों को परास्त किया जाए, यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक है।'

# रात में पार्टी कर रहे क्रू ने दोष छिपाने को गढ़ी डकैती की कहानी,24 घंटे ठप रही विमान सेवा

**रियो डि जेनेरियो,23 नवम्बर 2023।** ब्रिटिश एयरवेज के विमान की सेवा 24 घंटे ठप करनी पड़ी। इसका कारण चालक दल का व्यवहार बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील में पुलिस ने कहा कि चालक दल ने जो कहानी सुनाई है, उसमें एक अपराध हुआ है, लेकिन चालक दल के तीनों सदस्य एक बंद हो चुके पुलिस स्टेशन में जाकर ड्रग्स और शराब का सेवन करते रहे। ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरियो के इस मामले में पुलिस ने कहा कि क्रू मेंबर्स ने अपना दोष छिपाने के लिए डकैती की कहानी सुनाई। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के चालक दल ने रियो में रात को पार्टी की। इस दौरान सभी शराब के नशे में टल्ली हो गए।

### पांच सितंबर को बाधित रही विमान सेवा

इस मामले में ब्रिटिश प्रकाशन- दी इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक विमान संख्या ब्र248 के चालक दल ने जब डकैती की वारदात की मनगढ़ंत कहानी सुनाई, उसके बाद विमान सेवाएं 24 घंटे तक बाधित रहीं। विमान सेवाएं बीते पांच सितंबर को बाधित रही थीं। खबर के अनुसार, इस विमान को बीते चार सितंबर को ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरियो से लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट तक जाना था। विमान सेवा पांच सितंबर को बाधित हुई। विमान के चालक दल में शामिल तीन सदस्यों ने यात्रा करने में असमर्थता जताते हुए पुलिस को डकैती की मनगढ़ंत कहानी सुनाई। चालक दल के मुताबिक डरे-सहमे होने के कारण वे काम करने में सक्षम नहीं। बयान के अनुसार चालक दल ने दावा किया कि डकैती के अलावा उनके फोन भी छीन लिए गए।

### पुलिस से झूठ बोलने का कारण बॉस की सजा से बचना




मामले की जांच करने वाली पुलिस का कहना है कि विमान के चालक दल के सदस्यों के बयान एक तरह के नहीं पाए गए। विस्तार से तफ्तीश करने पर पता लगा कि क्रू ने डकैती की मनगढ़ंत कहानी सुनाई है। इनका मकसद अपने बॉस से मिलने वाली सजा से खुद को बचाना था। उनके बयान में विरोधाभास पाए जाने पर पुलिस ने और गहन पड़ताल की। जांच से पता चला कि बंद हो चुके पुलिस थाने में जाकर तीनों ने ड्रग्स और शराब का सेवन किया। हालांकि, जो कहानी सुनाई गई, उसमें अपराध की एक घटना का सबूत जरूर मिला।

### गवाही के दौरान डकैती की कहानी सुनाई

स्पेशल टूरिज्म सपोर्ट डेलिगेशन (Deat) ने बताया कि फील्ड में अनुसंधान के अलावा खुफिया विभाग की मदद भी ली गई। जांच के दौरान डेटा का मिलान किया या। तस्वीरों की समीक्षा की गई। रियो डि जेनेरियो की सिविल पुलिस पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि ब्रिटिश एयरवेज के विमान के चालक दल के सदस्य विमान सदस्यों ने डकैती / लूट की वारदात के बारे में कू ने अपने बयान में कहा कि उनके साथ सितंबर में डकैती / लूट की घटना हुई। गवाही में इन लोगों ने झूठ बोला।

### उड़ान के दौरान क्लास-ए ड्रग्स के इस्तेमाल का आरोप,शराब का भी सेवन

ब्रिटिश एयरवेज के विमान चालक दल के अपराध को लेकर छ्ठ्ठड्ढ्ढ ने बताया कि तीनों ने गवाही के दौरान अपराध की कई घटनाओं का जिक्र किया, लेकिन केवल एक घटना सही पाई गई। इसके अनुसार चालक दल ने एक बंद हो चुके गैस स्टेशन पर जाकर देर रात शराब और ड्रग्स का सेवन किया। तीनों के खिलाफ गलत तरीके से आपराधिक मामले की गवादी होने को लेकर कार्रवाई की जाएगी। पलिस मामले की जांच कर रही है। इसी मामले में न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, क्रू मेंबर्स पर विमान की उड़ान के दौरान क्लास ए ड्रग्स इस्तेमाल करने के आरोप लगे हैं।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे विमान का चालक दल

रियो के स्थानीय अखबार ग्लोबो की रिपोर्ट के मुताबिक स्पेशल टूरिज्म सपोर्ट पुलिस के प्रमुख पैट्रिशिया एलीमैनी ने बताया, घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू ये है कि विमान चालक दल के सदस्यों ने इतनी लापरवाही से काम किया। उन्हें पता था कि विमान में यात्रा करने वाले दर्जनों लोगों की जवाबदेही उनके ऊपर है। रियो से लंदन के बीच कई घंटे तक विमान की यात्रा होनी है, यह जानते हुए भी क्रू मेंबर्स ने नशे में चूर हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल भी की है। इसमें नजदीक के पुलिस स्टेशन पर स्थानीय समय के मुताबिक तड़के 4-50 बजे चालक दल के सदस्यों को देखा गया।

### विमानन कंपनी ने सफाई में क्या कहा?

इस मामले में ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि अब यह मामला पुलिस के हवाले है। फैसला प्रशासन करेगा। हालांकि, विमानन कंपनी का यह भी कहना है कि जिन लोगों पर आरोप लगे हैं, उन्हें विमान में सफर नहीं करना था। इस विवाद के बीच यह भी दिलचस्प है कि विमान संख्या ब्र248 क्यों निलंबित की गई? इस संबंध में चालक दल का नशा करने पर सफाई देने वाली क्रू ने कुछ नहीं बताया है।

# नशेबाज मीडिया प्रतिनिधि भाजपा रात आठ बजे के बाद सोशल मीडिया पर निकालते है भड़ास और शब्द मर्यादाओं को करते है तार-तार

## नशेबाज मिडिया प्रतिनिधि है भाजपा खेमे का सिपहसालार...क्या अनुशासित कही जाने वाली भाजपा करेगी उस पर कार्यवाही ?

## धमकी,गालियों सहित नुकसान पहुंचाने की बात वह खुद कहते हैं या उनसे कहलवाया जाता है यह भी है सवाल ?

## क्या दो घूंट पीने को मुफ्त मिल जाता है इसलिए वह कुछ भी लिखने रहते हैं तैयार ?

## मिडिया कर्मी समूह में भाजपा मिडिया प्रतिनिधि दिखाते हैं अपनी असल औकात, नशे में वीरता का करते हैं अपनी बखान ?

### मीडियाकर्मी वाट्सएप्प समूह में उनकी लेखनी काफी चर्चित भी हो रही है

मीडियाकर्मी वाट्सएप्प समूह में उनकी लेखनी काफी चर्चित भी हो रही है लेकिन यहां भी विडंबना यह है की मां बहनों के संदर्भ में किसी के कोई लिख रहा है और वह अमर्यादित है फिर भी ऐसे मिडिया प्रतिनिधि को समूह वाले बर्दास्त कर रहे हैं क्योंकि वह मीडिया समूह का सदस्य है। मिडिया प्रतिनिधि किसी के लिए इसलिए नियुक्त किया जाता है जिससे वह उसकी मंशाओं को जनता के समाने रखे इसलिए नहीं की वह किसी की मां बहनों के लिए समूह में गालियां लिखे वह भी ऐसी गलियां जिसे एक संस्कारी व्यक्ति न तो लिख सकता न ही सहन कर सकता पढ़ सकता। कुल मिलाकर भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि सोशल मिडिया वाट्सएप समूह में रात के आठ बजे के बाद काफी सक्रिय हो जाते हैं और लगातार मर्यादा का उलंघन करते हैं फिर जैसे जैसे समय बीतता जाता है वह अपना लिखा मिटाते जाते हैं और अंत में सो जाते हैं।

### अमर्यादित लेख को लेकर कई बार हुई शिकायत

भाजपा कोरिया के मीडिया प्रतिनिधि को लेकर उनके अमर्यादित लेख को लेकर कई बार शिकायत भी हुई है लेकिन कभी कार्यवाही नहीं हुई यह भी देखने को मिला है जबकि पुलिस का दावा है की वह सोशल मीडिया पर पूरी तरह निगरानी बनाए हुए है और किसी भी अमर्यादित या विवादित पोस्ट पर वह कार्यवाही करने तैयार है। वैसे भाजपा मीडिया प्रतिनिधि शब्द मर्यादाएं तो तोड़ ही रहे हैं वहीं वह भाजपा प्रत्याशी और कोरिया जिलाध्यक्ष सहित उनके पुत्र का भी जिक्र अपनी लेखनी में कर रहे हैं। उनके द्वारा धमकी देते हुए उठाए जाने की बात की जा रही है देख लेने की बात की जा रही है वहीं एक पत्रकार के लिए ही वह जोखिम उत्पन्न करने की बात बीच शहर जिला मुख्यालय में कर रहे हैं। उनके द्वारा जो कुछ लिखा जा रहा है जिस तरह वह बैकुंठपुर भाजपा प्रत्याशी जिलाध्यक्ष उनके पुत्र का जिक्र अमर्यादित पोस्ट के दौरान कर रहे हैं उससे यह भी जाहिर हो रहा है की वह अपना आपा खो चुके हैं और वह किसी भी स्थिति में किसी विरोधी को लेखनी से नहीं बल्कि घर से उठवाकर उसके जान माल को नुकसान पहुंचाकर उसके परिवार को नुकसान पहुंचाकर महिलाओं के लिए अमर्यादित लिखकर ही भाजपा मीडिया प्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### क्या जिसने दो घूंट दिया उसके अनुसार कुछ भी सोशल मीडिया में लिखने को तत्पर हो जाते है भाजपा मिडिया प्रतिनिधि ?

वैसे इनके बारे में यह भी प्रसिद्ध है की यह जिधर से दो घूंट का जुगाड शाम का हो जाए उधर का होने में भी माहिर हैं और जिसने दो घूंट दिया उसके अनुसार कुछ भी सोशल मीडिया में लिखने तत्पर रहते हैं। इस भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि को जानते सभी हैं और अच्छे से जानते हैं लेकिन यह आठ बजे के बाद ही बहकते हैं इसलिए लोग नजर अंदाज करते हैं क्योंकि नशे में व्यक्ति अपने आपे में नहीं होता । फिर भी ऐसे कृत्य करने वाले को क्या भाजपा अपना मिडिया प्रतिनिधि बनाए रखेगी उन्हे यह भी बड़ा सवाल है खासकर भाजपा बैकुंठपुर प्रत्याशी क्या निर्णय लेते हैं क्योंकि वह कम से कम ऐसे मामलों में स्वयं संज्ञान लेकर अमर्यादित व्यवहार करने वालों से दूरी बनाए रखते हैं। देखना बस यही है।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर भाजपा के नशेबाज मीडिया प्रतिनिधि लगातार सोशल मीडिया वॉट्सऐप समूह में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं उनके द्वारा जैसे ही रात के आठ बजते हैं वैसे ही अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया जाता है और थोड़ी देर बाद ही उनके द्वारा अपना ही लिखा अमर्यादित पोस्ट डिलीट कर लिया जाता है। कब किसके बारे में वह अमर्यादित लिख जाएं कहा नहीं जा सकता लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं लिखते जा रहें हैं। भाजपा के नशेबाज मिडिया प्रतिनिधि जो कुछ लिखते हैं और जो उनकी लेखन शैली और भाषा है उससे वह अपना संस्कार तो झलकाते ही हैं वहीं वह भाजपा के लिए भी फजीहत खड़ी करते हैं जो कहीं न कहीं अनुशासित कही जाने वाली भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित करने वाला मामला बनता जा रहा है। सोशल मीडिया वाट्सएप समूह में ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब भाजपा कोरिया के मीडिया प्रतिनिधि अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं किसी व्यक्ति के लिए वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं जिसमे वह कई बार खुद बेजार भी हो चुके हैं,एक बार एक महिला अधिकारी को लेकर भी उन्होंने ऐसा ही कुछ लिखा था जिसके बाद उनके लिए जवाब देना मुश्किल हो गया था।

भाजपा कोरिया के मीडिया प्रतिनिधि की भाषा महिला अपमान से जुड़ी हुई हमेशा होती है, वह पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी करने के नाम से विख्यात होते जा रहे हैं,उन्हे जब शुरूर चढ़ता है रात आठ बजे के बाद तब वह जिससे खुन्नस होती है




उसके परिवार की महिलाओं को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं ऐसा करके वह अपनी बाहुबलता साबित करते हैं लेकिन पढ़ने वाला और सभी कुछ देखने वाला यही मानता है की वह अपने ही संस्कार का खुला उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं और अनुशासित भाजपा को भी लाजवाब कर रहे हैं कोरिया में। हालिया कुछ सोशल मिडिया वॉट्सऐप समूह संदेशों को उनके पढ़ा जाए तो वह कुछ लोगों के लिए गलत तो लिख ही रहे हैं बल्कि उनके परिवार के माताओं बहनों के लिए भी अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं जिसका सबूत भी घटती घटना के पास मौजूद है। भाजपा कोरिया के मिडिया प्रतिनिधि किसी के घर की मां बहनों को लेकर जो कुछ लिख रहे हैं ऐसा लिखना कहां तक सही है यह तो वह जाने या कोरिया भाजपा जिसने उन्हें मिडिया प्रतिनिधि बनाए रखा है लेकिन शब्दों को देखकर एक आम इंसान भी यही कहने की कोशिश करेगा की ऐसा लिखना होश में संभव नहीं वहीं नशे में भी संस्कारवान व्यक्ति ऐसा नहीं लिख सकता। वैसे भाजपा कोरिया के लिए यह मीडिया प्रतिनिधि फजीहत खड़ी कर रहे हैं वह लगातार ऐसा कर रहे हैं वहीं धमकियां भी वह दे रहे हैं।

### भाजपा नशेबाज को अपना मीडिया प्रतिनिधि बनाकर क्यों करा रही अपनी फजीहत,पहले भी नशेबाज के कारण कई बार हुई है सोशल मीडिया समूह में अप्रिय स्थिति

### भाजपा का नशेबाज मीडिया प्रतिनिधि न तो अपनी ही इज्जत का रखता है ख्याल न ही भाजपा की ही मर्यादा का है उसे ध्यान,नशा चढ़ते ही खो देता है अपना आपा

### भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि रात आठ बजे के बाद ही सोशल मीडिया पर क्यों होते हैं सक्रिय ?

वैसे जिस उत्साह और उल्लास से भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि रात आठ बजे के बाद सोशल मीडिया में सक्रिय होते हैं यदि वह अपनी पोस्ट डिलीट न करें तब उनकी स्थिरता समझ में आए। खुद लिखना खुद मिटाना वाला मामला है इनका और ऐसा करने वाले नशे की जद में जब तक होते हैं कुछ भी लिख जाते हैं लेकिन जैसे ही नशा छू मंतर होता है इन्हे धरातल नजर आता है और यह अपनी ही करनी को पोछना शुरू करते हैं। एक छोटे बच्चे की जैसी हालत होती है ऐसे लोगों की जो अबोध होने के कारण अपनी पैंट खराब कर लेते हैं लेकिन एहसास होते ही वह कुछ सफाई का प्रयास करते हैं लेकिन तब तक शरीर में भी वह लिपट जाती है गंदगी जिसे साफ करना पड़ता है बड़े बुजुर्गों को उनकी माताओं को। यहां भाजपा कोरिया के मीडिया प्रतिनिधि के लिए उनकी गंदगी के लिए भाजपा कोरिया को सक्रिय होना होगा और उनके मन की शरीर की गंदी मानसिकता को या तो हटाना होगा या उन्हे खुद से दूर करना होगा।

### सोशल मीडिया में लिखा है एक पत्रकार के लिए अमर्यादित लेख है और दिया अपनी बाहादुरी का परिचय

वैसे भाजपा कोरिया के मीडिया प्रतिनिधि ने हालिया जो सोशल मीडिया में लिखा है वह एक पत्रकार के लिए है और उसके घर परिवार के महिलाओं के लिए अमर्यादित लेख है जिसका सबूत उपलब्ध है जिसकी शिकायत की जाने वाली है कार्यवाही की मांग भी की जायेगी क्योंकि केवल शब्द मर्यादा नहीं तोड़ी गई मां बहनों को गाली भर नहीं दी गई बल्कि पत्रकार को जान माल के नुकसान पहुंचाने की बात लिखी गई है उसे उठवाने की बात की गई है उसे निपटाने की बात की गई है। वैसे उम्मीद है भाजपा कोरिया ऐसे व्यक्ति से भाजपा प्रत्याशी ऐसे व्यक्ति से किनारा जरूर करने वाली है और यही भाजपा के हित में भी होगा क्योंकि वह मर्यादित कही जाने वाली पार्टी है जहां मातृ शक्ति जैसे शब्द माताओं के लिए किसी के उपयोग होता है महिलाओं के लिए उपयोग होता है।

# सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण जनता को दैनिक उपयोग सामग्री का किया वितरण

-संवाददाता-
कुसमी,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के सामरीपाठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सी/62 बटालियन भूताई कैम्प में प्रमोद कुमार सिंह कमान्डेंट 62 बटालियन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर मनु एच सी सहायक कमान्डेंट के नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,मिली जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा कैम्प क्षेत्र के अंतर्गत बसे गांवो के ग्रामीण जनता महिलाओं, पुरुषो एवं बच्चो के दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली जरूरत की सामग्री दिया जाता है जिससे की ग्रामीण जन अपने दैनिक उपयोग की वस्तु प्राप्त कर शासन के महत्वपूर्ण योजना का लाभ ले सके । इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को कम्बल ,साल, बर्तन (कढाई एवं स्टील परात), मच्छरदानी इत्यादि का वितरण किया गया साथ हैल्थ कैंप का भी आयोजन कर ग्रामीणों स्वास्थ परिक्षण कर दवा का वितरण किया गया गौरतलब है की शासन की इस योजना के जरिए अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलता है कई ग्रामीण जन अपने जीवन में कई तरह के समस्या की वजह से अपने दैनिक उपयोग की जरूवत के कई समान नहीं खरीद पाते है लेकिन शासन प्रशासन की इस तरह की योजना के जरिए अंदरूनी क्षेत्र के गरीब जनता को आसानी से लाभ मिल जाता है,इस दौरान सूदूर अंचलो के गाँव से आने वाले ग्रामीणों के लिए कैम्प परिसर में जलपान एवं भोजन की वस्था भी की गई थी , कार्यक्रम में सहायक कमान्डेंट ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा की इस क्षेत्र के लोगो की सुरक्षा के साथ मूलभूत आवश्कताओ की पूर्ति हेतु सरकार के द्वारा चलाई जा रही सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से और विभिन्न अन्य योजनाओ का लाभ यहाँ के ग्रामीणों को मिले, इसी पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा प्रयासरत है और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में एवं हमेशा ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए आगे भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी द्घ इस कार्यक्रम की ग्रामीणों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जमकर प्रशंसा की और ग्रामीणों ने इस क्षेत्र से नक्सल समस्या खत्म करने में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करने की प्रतिबद्धता भी जताई साथ ही साथ ग्रामीणों ने कहा की केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अथक प्रयासों एवं सुरक्षा व्यवस्था के ही कारण हाल ही में विधानसभा चुनाव 2023, इस अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति एवं सफलतापूर्वक अच्छे से संपन हुआ , सभी ग्रामीण मतदाता भयमुक्त होकर विश्वास एवं निडरता पूर्वक अपना मतदान किए,वही मनु एच सी, सहायक कमान्डेंट ने ग्रामवासियो को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने एवं कार्यक्रम में आये हुए ग्रामीणों को धन्यवाद के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करी , कार्यक्रम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ,जवान , गाँव के सरपंच सहित गणमान्य लोग शामिल हुए और ग्रामीणों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा इस प्रकार की कार्यक्रम आयोजन करने के लिय धन्यवाद दिया।

## तत्काल प्राथमिक चिकित्सा दिलाकर महिला आश्रय गृह रायपुर में संरक्षण हेतु दिलाया प्रवेश

# अज्ञात 45 वर्षीय महिला को जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली के टीम ने किया रेस्क्यू

-संवाददाता-
जशपुनगर 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान से जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली जशपुर के संचालक कमला यादव के द्वारा जिले के बाजारडॉड़ में रह रही गुमशुदा प्राप्त अज्ञात 45 वर्षीय महिला को पुलिस एवं चिकित्सा विभाग से समन्वय कर बाजारडॉड़ से 22 नवम्बर 2023 को रेस्क्यु किया गया और तत्काल प्राथमिक चिकित्सा दिलाया गया और रायपुर माना कैंप में संचालित मानसिक महिला सहायता केन्द्र के अधीक्षिका से चर्चा



कर विक्षिप्त महिला संरक्षण हेतु चाही गई मेडिकल जांच अविलंब कराते हुए अज्ञात महिला को सकुशल आगे की उचित देखभाल के लिए महिला अश्रय गृह रायपुर में संरक्षण हेतु प्रवेश दिलाया गया। जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली जशपुर के संचालक कमला यादव ने जिले और समाज के लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि अज्ञात महिला की फोटो के माध्यम से जिस किसी का पहचान, रिश्ते-नाते संबंधी की जानकारी हो या इस प्रकार के व्यक्ति तथा वृद्ध महिला-पुरूष दिखे तो संपर्क नम्बर 7898817658 एवं 78040-36672 में सूचना दे।

## जिले में पुरुष नसबंदी 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक आयोजित

-संवाददाता-
जशपुनगर,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के तहत् 21 से 27 नवम्बर तक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा योग्य दम्पत्तियों से सम्पर्क कार्यक्रम तथा 28 नवम्बर से 04 दिसंबर 2023 तक पुरुष नसबंदी सुविधा केन्द्र जिला अस्पताल जशपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल एवं पत्थलगांव में पखवाड़ा के दौरान एवं अन्य दिवसों में निःशुल्क उपलब्ध है। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. रंजित टोप्पो ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिए जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुरूष नसबंदी बिना चीरा एवं टांका के 10 से 20 मिनट में पूरी की जाती है। प्रक्रिया दर्दरहित रहता है हितग्राही उसी दिन घर जा सकता है नसबंदी के बाद पहले जैसा भारी काम कर सकते हैं। पखवाड़े के दौरान ऐसे दम्पत्ति जिन्हें और बच्चे नहीं चाहिये अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता से सम्पर्क कर पुरूष नसबंदी कराने हेतु अपील की गई है।

## पूर्व सांसद स्व.डॉ.बंसीलाल महतो के पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



-संवाददाता-
कोरबा,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता, सुविख्यात चिकित्सा विद एवं कोरबा लोकसभा से पूर्व सांसद रहे स्वर्गीय डॉक्टर बंसीलाल महतो की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कोरबा में पूर्व सांसद स्वर्गीय डॉक्टर बंसीलाल महतो की चतुर्थ पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके साथ बिताए गए अपने अनुभवों को स्मरण किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजीव सिंह, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष डॉ आलोक सिंह, जिला मंत्री संदीप सहगल, राजेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, विधि प्रकोष्ट जिला संयोजक राजेंद्र साहू, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सिंह खड़ायत, नवदीप नंदा, अजय चंद्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, उपाध्यक्ष रंजू यादव, राम अवतार पटेल, भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव, राजेश सोनी, ईश्वर पटेल, चंदन सिंह, अनिल मिश्रा,के डी वैष्णव, सुदेश चंद्रा, गौरव मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

CMYK




# क्या विधायक समर्थको ने अपनी ही पार्टी विरोधी किया कार्य ?

क्या विधायक स्वयं एक वीआईपी होटल में बैठकर कांग्रेस के विरुद्ध कार्य करने के लिए अपने समर्थकों को उकसा रहे थे ?

क्या विधायक और महापौर अंतिम तीन दिनों में सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा में मतदान की कर रहे थे अपील ?

क्या टिकट वितरण के 20 दिन तक विधायक और महापौर रायपुर के बंगले में बैठकर नीरो की तरह बंसी बजा रहे थे और उनके समर्थक मनेद्रगढ़ विधानसभा में पार्टी विरोधी कार्य कर रहे थे ?


## क्या कांग्रेस पार्टी इनके विरुद्ध कर सकती है अनुशासनात्मक कार्यवाही ?

## भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पैसा बांटने का आरोप लग रहा है विधायक परःसूत्र

-रवि सिंह-

एमसीबी,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। मनेद्रगढ़ विधानसभा कांग्रेस पार्टी में कांग्रेस पार्टी में बड़ी बगावत की खबर आ रही है, चिरमिरी मनेद्रगढ़ खडगवा को मिलकर बना विधानसभा में निर्वाचन के दौरान विधायक समर्पित कांग्रेसियों नेजमकर पार्टी विरोधी कार्य किए हैं ऐसी खबर पूरे क्षेत्र में आम जनमानस के बीच चर्चाओ में खूब आ रही है विधायक और महापौर अपने समर्थकों को कांग्रेस हित में कार्य करने हेतु निर्देष ना दे टिकट वितरण के 20 दिन तक रायपुर बंगले में बैठकर पार्टी विरोधी कार्य कर रहे थे और अपने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के विरुद्ध कार्य करने के लिए उकसा रहे थे और जब उनके कार्यकर्ता पूरे विधानसभा में नंगा नाच करने लगे और पार्टी विरोधी कार्य करने लगे तो वे दोनो अपने बंगले में बैठकर कर नीरो की तरह बंसी बजा रहे थे, कांग्रेस प्रत्याशी ने इन सभी की शिकायत विस्तार से मुख्यमंत्री महोदय एवं पार्टी संगठन को कर दी है देखना यह है कि पार्टी इन पर किस तरह की कार्यवाही करती है।

बीते विधानसभा चुनाव की यदि हम बात करें तो कांग्रेस में संगठन नाम की कोई चीज नहीं दिख रही है कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को भी इस बात का एहसास नहीं था कि वह जिला अध्यक्ष है वह एक आम कार्यकर्ता की तरह गली मोहल्ले में घूम-घूम कर पार्टी का प्रचार कर रहे थे जबकि उनका कार्य उनके अधीनस्थ सभी ब्लॉक अध्यक्षों को काम आवंटन करना और उसकी निगरानी करना था और यदि कहीं पर कोई कमी रह जाए तो उसको सुधारने के लिए एक सकारात्मक प्रयास की जरूरत थी जो बिल्कुल नहीं दिखी पार्टी विरोधी कार्य विधायक समर्थक लगातार कर रहे थे लेकिन उनके द्वारा ना ही किसी पर संघटनात्मक कार्रवाई की गई है और नहीं उनका निष्कासन करवाया गया एक बड़ी वजह थी कि विधायक समर्थक निडर होकर खूब पार्टी विरोधी कार्य किए हैं जिसका दुष्परिणाम कांग्रेस पार्टी को झेलना पड़ सकता है, 3 दिसंबर का इंतजार है देखना यह है कि ऊंट किस करवट बैठता है क्षेत्र के सभी चौक चौराहा में गली मोहल्ले में होटल मोटल में सिर्फ अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों के जीतने हारने की बात ही चल रही है, लोगों ने माना है कि 1000 से 2000 के बीच ही जीत हार का अंतर होगा, हर कोई अपने अपने प्रत्याशी को जितना बता रहा है।




### क्या मनेद्रगढ़ विधायक को उनकी बेवकूफी नहीं बल्कि उसकी चालाकी ही ले डूबती है ?

कहते हैं की इंसान को उसकी बेवकूफी नहीं बल्कि जरूरत से ज्यादा उसकी चालाकी ही ले डूबती है यह कहावत मनेद्रगढ़ विधायक पर सिद्ध होती दिख रही है....विधायक को दोबारा टिकट नहीं मिला रहमो करम पर जीने वाले लोग एकत्र होकर बौखला गए गलत बयान बाजी करने लग गए पार्टी विरोधी कार्य करने लगे सबको अपनी रोजी रोटी की चिंता दिखने लगी आंख के सामने अंधेरा छाने लगा बेचारे करते भी क्या.? उन्हें अब कैसे उनका घर चलेगा इसकी चिंता सताने लगी विधायक जी को टिकट नहीं मिला वे अपनी महापौर पत्नी के साथ रायपुर अपने घर वापस चले गए बेचारे उनके पालतू कार्यकर्ता अनाथ हो गए, टिकट नहीं मिला विधायक जी को भी बहुत दुख था मन में उथल-पुथल थी ÷मैं नहीं तो वह नहीं÷ वाले फार्मूले को अमली जामा पहनाने में लग गए और फिर पार्टी विरोधी कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी रायपुर से अपने कार्यकर्ताओं को कथित रूप से पार्टी विरोधी कार्य करने के लिए निर्देशित करते रहे यही कारण था कि उनके खास पार्षद एवं एक पार्षद पति जो उन्हें मम्मी पापा का दर्जा दिया था वह दुखी होकर तत्काल भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर पार्टी के विरुद्ध और पार्टी के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारी के खिलाफ जमकर अनाप शनाप बयान बाजी करने लग गए हैं, वही गोदरी पारा का भी एक पार्षद पार्टी से इस्तीफा देकर पार्टी के विरुद्ध कार्य करने लग गए, आरोपियो भी है कि पूरे चिरमिरी के लगभग विधायक समर्थक पार्षदों और एल्डरमनों ने कांग्रेस हित में कार्य नहीं किया वे विधायक के निर्देश पर पार्टी विरोधी कार्य करते रहे और भाजपा के पक्ष में प्रचार करते रहे ऐसा नहीं है कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने उनकी पूछ परख नहीं की उनको प्रदान की जाने वाली ऊर्जा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी थी लेकिन उन सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारी को आगामी भविष्य के बारे में चिंता थी कि जो खैरात की रोटी उन्हें विधायक विनय जायसवाल के दौर में मिल रही थी वह अब नहीं मिल सकेगी इस बात की चिंता ने पूरे कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की उम्मीदो में पानी फेर दिया, खबर तो यह भी बड़ी तेज से उड़ रही है की भाजपा प्रत्याशी और विधायक के बीच उनके घर में घंटो मंत्रणा भी हुई है मोबाइल में भी काफी चर्चाएं हुई हैं, भाजपा प्रत्याशी के इर्द-गिर्द घूमने वाले एक समर्थक ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हर एक घंटे विधायक विनय जायसवाल का उनके पास फोन आता था और उनको बताया जाता था कि कैसे कांग्रेस प्रत्याशी को डैमेज करना है और किन-किन लोगों से किस तरह का संपर्क करना है विधायक के निर्देश को त्वरित अमला जामा पहनाने का कार्य भाजपा प्रत्याशी करते रहे और इस तरह से कांग्रेस पार्टी को कथित तौर पर विधायक ने बड़ा नुकसान पहुंचा है ऐसा आप पूरे विधानसभा क्षेत्र में उन पर लग रहा है इस आप की हम पुष्टि नहीं करते लेकिन यदि यह सच है तो देखना यह होगा कि प्रदेश संगठन को अपना काफी ग़रीबी बताने वाले डॉक्टर विनय जैसवाल और उनकी पत्नी और उनके समर्थकों पर कांग्रेस पार्टी अनुशासनात्मक कार्यवाही कर पाती है या नहीं?

## क्या पार्टी से बड़ा विधायक का अपना समाज था ?

जन चर्चाओं के बीच खबर यह भी आ रही है कि विधायक के विनय जायसवाल और श्याम बिहारी जायसवाल कलचुरी समाज से आते हैं इन दोनो के बीच बहुत सारे ताने-बाने के बाद हमको एक सूत्र में पिरोए रखने के लिए समाज के पदाधिकारी ने एक बैठक आहूत कर दोनों को खूब समझाइए दी उन्हें समझाया गया कि अलग-अलग पार्टी से जरूर हैं लेकिन समाज उनका एक ही है,पार्टियां तो आती जाती रहेगी लेकिन हम सब की जिम्मेदारी है कि समाज आगे बढ़े और उनके समाज के लोग हमेशा सर्वोच्च पदों पर बने रहें यही समाज के एक-एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है उक्त सामाजिक बैठक के उपरांत विनय जायसवाल का व्यवहार पार्टी के विरोध में जाकर कलचुरी समाज के लिए कार्य करना देखा गया, उन पर आरोप यह भी है कि जब पहली बार श्याम बिहारी जायसवाल विधायक बने थे तब भी डॉ विनय जायसवाल और उनका पूरा परिवार भारतीय जनता पार्टी को ही मतदान किया था पार्टी के विरुद्ध पार्टी फॉर्म से ऊपर उठकर और समाज हित में उनके द्वारा कार्य किया गया था, इन सभी आरोपों में सत्यता जो भी हो पर विधायक विनय जायसवाल और महापौर कंचन जायसवाल के विरुद्ध पूरे विधानसभा में पार्टी विरोधी कार्य करने का आप सभी सच्चे कांग्रेसी कार्यकर्ता लगा तार लगा ही रहे हैं।

## क्या विधायक विनय जायसवाल की टिकट काटने के पीछे का यह भी था वजह ?

विदित हो कि विधायक विनय जायसवाल को उन पर लगे कई कथित भ्रष्टाचार और अवैध कार्यों के संरक्षण और संलिप्तता को लेकर उन्हें टिकट नहीं दिया गया था उनके लगभग समर्थक पूरे विधानसभा में 5 साल तक प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर अपनी काली कमाई कर रहे थे, दिनदहाड़े कोयलांचल में लोहा कोयला के कारोबारी बढ़ गए थे सभी गली मोहल्ले में सट्टा जुआ शराब की बिक्रिया बढ़ गई थी शहर में कोई भी निर्माण कार्य हो रहा था तो अल्लू कर रहा था या फिर मटरू करता था उनसे बचता था तो विधायक का भाई उसको झपट लेता था इस तरह से पैसे कहीं से भी आए कैसे भी आए सारे पैसे अपने पास आए इस फार्मूले के तहत विधायक विनय जायसवाल का कार्यकाल 5 साल बीता, मिली जानकारी के अनुसार चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ खड़गवा कइयों का तो उनके ही रहमो करम से घर चलता था, कोई अवैध कार्य उनके संरक्षण में करता था तो किसी का निगम में या जनपद में या नगर पालिका में फर्जी हाजिरी लगाकर उसका जीवकोपार्जन की व्यवस्था की गई थी।

# बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने साढ़े आठ करोड़ के लागत से बिछाई जाएगी 11 केवी की 37 किमी लंबी नई लाइन

-संवाददाता-

कोरबा,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लचर है। गर्मी हो या ठंडी जिले में बिजली की आंख मिचौली आसानी से देखी जा सकती है, जिसके सुधार के लिए संबंधित विभागों द्वारा कवायद की जा रही है। जिसके लिए 11 केवी की 37 किमी लंबी नई लाइन बिछाई जानी है । इसके लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा करीब साढ़े आठ करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। इसमें अलग-अलग क्षमता के ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे। अभी शहर में तीन नए सबस्टेशन का निर्माण चल रहा है। नई लाइन बिछाने के बाद इन लाइनों को आपस में जोड़ा जाएगा, इससे लोड फैक्टर में कमी आएगी। शहर की बिजली व्यवस्था को और भी बेहतर करने के लिए अब 37 किमी लंबी 11 केवी लाइन बिछाने की तैयारी है ताकि वर्तमान वितरण लाइन पर लोड को कम किया जा सके। वितरण विभाग के शहर के अलग-अलग जोन में जिस तरह की समस्या सामने आ रही है, उससे यह स्पष्ट है कि वर्तमान में 11 केवी की लाइन में लोड फैक्टर काफी अधिक है। इसी लोड फैक्टर की वजह से बिजली की लाइन के अलावा ट्रांसफार्मर में दबाव दिन ब दिन बढ़ रहा है। विशेषकर अप्रैल से लेकर जून तक पावर कट की समस्या जिले में सबसे अधिक बढ़ जाती है।वर्तमान में स्थिति ये के एक जगह समस्या आने पर आधे शहर की आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। लंबे समय से एक अतिरिक्त लाइन बिछाने की मांग की जाती रही है, ताकि लोड फैक्टर कम हो और मेंटनेंस के नाम पर सभी क्षेत्र में आपूर्ति बाधित न करना पड़े। इसके लिए कोरबा शहर में 37 किमी लंबी लाइन बिछाने के लिए अनुमति डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने दे दी है। बताया जा रहा है कि चुनाव निपटते ही इस दिशा में काम शुरू होगा।हालांकि जितने भी नए प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं उनमें अभी देरी है। काम शुरु हो भी जाए तो पूरे होने में कम से कम छह से आठ माह का समय लगना है। तीन महीने बाद बिजली की परेशानी शुरु हो जाएगी। तब तक वैकिल्पक व्यवस्था पर ध्यान देने की जरुरत है,ताकि लोगों को परेशानी का सामना कम से कम करना पड़े। लाइन लॉस कम करने के लिए भी वितरण विभाग ने काम शुरु कर दिया है। केन्द्र सरकार की स्कीम के तहत ये काम होगा। प्रदेश में करीब चार हजार करोड़ इस कार्य में खर्च होंगे। अधिक लॉस वाले शहरों में पहली प्राथमिकता के साथ काम होना है। इसमें कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर शहर प्रमुख है।



# घर में निकले अहिराज को वॉइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम ने किया रेस्क्यू

-संवाददाता-

कोरबा 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। बालकों क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ जाने से बाइक चालक बेलगरी बस्ती निवासी प्रदीप मसीह की मौत हुए 24 घण्टे महज ही बीते थे जिससे घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था जिसके कारण दूर दूर से रिश्तेदार और मेहमान घर पहुंचे थे । रोते बिलखते परिवार के आंसू रुक रुक कर गिर रहे थे वहीं कहीं से अचानक मेहमानों के बीच एका एक जहरीला सांप अहिराज पहोंच गया । मेहमान कुछ समझ पाते डर से यहां वहां सब भागने लगे, जैसे तैसे घर वालों ने अपने पड़ोसी रविन्द्र साहू को उठाया और घर में सांप घुसने की जानकारी दी । जिसके बाद रविन्द्र साहू ने बिना देरी किए इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया और साथ ही बताया जिस घर में निकला हैं उस घर में एक व्यक्ति की 24 घण्टे पहले ही मृत्यु हुए हैं इसलिए बहुत ज्यादा डरे सहमे हुए हैं, पूरा घर मेहमानों से भरा हैं इसलिए थोड़ा जल्दी आने का निवेदन किया, वक्त के नज़ाकत को देखते हुए जितेंद्र सारथी बिना देरी किए बालको के बेलगरी बस्ती पहुंचे और सांप का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जिसके बाद घर वालों के साथ मेहमानों ने राहत भरी सांस ली और साथ ही जितेंद्र सारथी का धन्यवाद ज्ञापित किया, फिर थोड़ी देर बाद बिना देरी किए सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र सारथी ने परिवार का हिम्मत बांधा साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कि साथ ही घर वालों के द्वारा दिए जा रहे उपहार को यह कहते हुए जितेंद्र सारथी ने मना कर दिया की यह मेरा फ़र्ज़ था ।



# वन महानिदेशक ने खदान विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में की चर्चा

-संवाददाता-

कोरबा,23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। देश की सबसे बड़ी ओपन कास्ट एसईसीएल की गेवरा खदान का निरिक्षण करने वन महानिदेशक श्री चंद्रप्रकाश गोयल व कोल इंडिया के चेयरमैन पी . एम .प्रसाद, सी एम डी बिलासपुर डॉ.प्रेम सागर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कोरबा के गेवरा क्षेत्र पहुंचे। श्री गोयल ने खदानों का निरीक्षण करने से पूर्व मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की वे यहां एसईसीएल की परियोजना की वन क्षेत्रों में हो रहे विस्तारीकरण की स्थिति का जायजा लेने आए है। इस दौरान उन्होंने भू-विस्थापितों के विषय पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। अन्य अधिकारियों से चर्चा करने श्री गोयल के आने का कारण पर बताया गया के वे यहां एसईसीएल की खदानों का भविष्य क्या होगा,यहां की खदानों की उम्र कितनी होगी और भविष्य में खदानों का विस्तार कितना होगा इन्हीं कुछ विषयों पर विस्तार से जानकारी लेने और खदानों के लिए भू-अधिग्रहण के विषय पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा करने की मंशा से वन महानिदेशक श्री चंद्रप्रकाश गोयल और कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पी.एम.प्रसाद कोरबा के गेवरा क्षेत्र में आए है। वन महानिदेशक का कोरबा दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके दौरे से आने वाले समय में परियोजनाओं के विस्तार को देखते हुए कई परियोजनाओं के लिए लंबित जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो जाने की संभावनाएं है, जिनमें गेवरा,कुसमुंडा और दीपका परियोजनाएं शामिल है।





**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)उदयपुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-02/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिफिल साय तिग्गा आ0 अमरसाय तिग्गा जाति उरांव निवासी ग्राम उदयपुर द्वारा ग्राम झिरमिटी तहसील उदयपुर स्थित आवेदक के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि ख0 नं0 385/6 रकबा 0.041 हे0 को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 03/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार गुप्ता आ0 रामाधार प्रसाद गुप्ता जाति कमलापुरी निवासी बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 334/140 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 08/12/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपतित पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0**

रा0प0क्र0

ग्राम-रविन्द्रनगर, तहसील-लटोरी

**ईश्तहार**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अनंत विश्वास आ0 अधिर विश्वास, जाति बंगाली, निवासी ग्राम-रविन्द्रनगर, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. पिल्खा तहसील लटोरी जिला सूरजपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पिता के नाम पर ग्राम रविन्द्रनगर में पुनर्वास विभाग से 07 एकड़ भूमि प्राप्त हुआ था। जिसका पुराना खसरा नंबर 388, 387 रकबा क्रमशः 3.00, 4.00 एकड़ वर्तमान खसरा नंबर 475 रकबा 2.80 हे0 है। उक्त भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त खसरा क्रमांक का नक्शा चालू नक्शे में 0.35 हे0 भूमि का प्राप्त हुआ है। जिससे आवेदक के पास रकबा तो है पर मौके पर नक्शा त्रुटि होने के वजह से नक्शे के आधार पर जमीन कम है। नक्शा सुधार कराये जाने का अनुरोध किया गया है। जिसक संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अत इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/ लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 5/12/2023 तक न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद पुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं 0 /अ-19/2023-24

दिलीप प्रति छ0ग0 शासन

सर्वसाधारण ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप आ0 भागीरथ मण्डल निवासी ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर द्वारा ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 191, 213/2 रकबा क्रमशः 3.00, 2.00 एकड़ भूमि का न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर (छ0ग0) के राजस्व प्रकरण क्रमांक 63 अ-19/1989-90 अनुसार आवेदक के पिता भागीरथ मण्डल आ0 साधन मण्डल को शासकीय पट्टा प्रदाय किया गया था। उक्त आवेदित भूमि का नवीन बन्दोबस्त के बाद खसरा नंबर 124/3, 124/4, 187 रकबा क्रमशः 0.16, 0.10, 0.63 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर खाते में दर्ज है। आवेदित भूमि का शासकीय पट्टा प्राप्त होने के कारण शासकीय पट्टा से भूमि स्वामी पट्टा प्रदाय करने हेतु छ0ग0 राजपत्र में प्रकाशित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29 मार्च 2023 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, की नकल एवं किसान किताब की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 06/12/2023 तक स्वतः उपस्थित होकर अपना दावा आपति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा ।

आज दिनांक 10/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदपुद्रा से जारी किया गाया।

सील — तहसीलदार लटोरी जिला-सूरजपुर छ.ग.

# बंगाल वॉरियर्स ने मनिंदर सिंह को कप्तान बनाया

**कोलकाता,23 नवम्बर 2023।** प्रो कबड्डी लीग का बहुप्रतीक्षित 10 वां सीजन नजदीक है और पूर्व चैंपियन बंगाल वॉरियर्स इसे सनसनीखेज बनाने के लिए उत्सुक हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बंगाल वॉरियर्स ने आगामी सीज़न के लिए शीर्ष रेडर मनिंदर सिंह को अपना कप्तान नियुक्त किया है, जो 2 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होगा।
मनिंदर, जो 2017 से बंगाल वॉरियर्स के साथ हैं, ने 2019 में अपने पहले प्रो कबड्डी लीग खिताब के लिए टीम की कप्तानी की। पीकेएल के सीज़न 10 से पहले, बंगाल वॉरियर्स ने खिलाड़ी नीलामी में अंतिम बोली मैच विकल्प के माध्यम से 2.12 रुपये में मनिंदर को फिर से हासिल कर लिया। करोड़, जिसने उन्हें लीग में तीसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी बना दिया।
33 वर्षीय रेडर बंगाल वॉरियर्स के लिए सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक रहा है, जो उम्मीद कर रहे होंगे कि



पीकेएल के कारवां में लौटने से उनके प्रदर्शन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले, सीज़न 9 में, मनिंदर पीकेएल के इतिहास में दूसरे सबसे शानदार रेडर बन गए थे, क्योंकि उन्होंने हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ वॉरियर्स के शुरुआती गेम में 1000 अंक का आंकड़ा पार किया था।
÷मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता था कि बंगाल वॉरियर्स ने मुझे सेट-अप में वापस ले लिया। मैं इस टीम के साथ वापस आकर और कप्तान के रूप में नामित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरा करने का इरादा रखता हूं। अपनी पूरी ताकत से पूरा करें। यह एक विशेष सीज़न है और मैं मैट पर वापस आने और अपने प्रशंसकों के सामने आने का इंतजार नहीं कर सकता। इस साल हमारे पास कैप्री स्पोर्ट्स में नए मालिक और प्रबंधन हैं, और वे शुरू से ही बहुत सहायक रहे हैं,÷ मनिंदर सिंह ने कहा.
मनिंदर पीकेएल के सर्वश्रेष्ठ रेडरों में से एक हैं और उनके साथ काम करना सुखद है। वह अतीत में बंगाल वॉरियर्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, और वह निश्चित रूप से इस साल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, एक कप्तान और एक रेडर के रूप में, क्योंकि हम दूसरी बार ट्रॉफी उठाने की इच्छा रखते हैं। युवा खिलाड़ी उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं और उनका अनुभव निश्चित रूप से टूर्नामेंट के दौरान टीम की मदद करेगा,÷ कोच के. भास्करन ने कहा।
बंगाल वॉरियर्स पीकेएल के 10वें सीज़न के लिए अपने अभियान की शुरुआत 4 दिसंबर को अहमदाबाद में द एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया में बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ करेंगे। पीकेएल फरवरी में गुजरात जायंट्स (9 फरवरी), तेलुगु टाइटंस (10 फरवरी), यू मुंबा (12 फरवरी) और पुनेरी पल्टन (14 फरवरी) टीम के साथ बंगाल की यात्रा करेगा।
÷मनिंदर सिंह देश के सबसे मजबूत कबड्डी खिलाड़ियों में से एक हैं, और हम इस बात से ज्यादा खुश नहीं हो सकते कि वह बंगाल वॉरियर्स के कप्तान होंगे। उनके नेतृत्व गुण अद्वितीय हैं और हमें विश्वास है कि वह उदाहरण पेश करेंगे।÷ ÷कॉन्टैक्ट स्पोर्ट्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अपूर्व गुप्ता ने कहा।

## दिल्ली में दिसंबर में होंगे खेलो इंडिया पैरा खेल

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023।** शुरूआती खेलो इंडिया पैरा खेल 10 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे जिसमें 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1350 से ज्यादा एथलीट सात स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में पैरा खेलों के लिए यह टूर्नामेंट 'गेम चेंजर' साबित होगा। अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर अपलोड किये एक वीडियो में कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 10 से 17 दिसंबर तक पहले खेलो इंडिया पैरा खेल नयी दिल्ली में विभिन्न स्थानों में आयोजित किये जायेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तीन स्टेडियम में कुल सात स्पर्धायें खेली जायेंगी। ''ये सात स्पर्धायें पैरा एथलेटिक्स, पैरा निशानेबाजी, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा भारोत्तोलन हैं। यह प्रतियोगिता साइ के तीन स्टेडियम - आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद निशानेबाजी रेंज और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेली जायेगी। हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के स्टार शीतल देवी, भाविना पटेल, एकता भयान, नीरज यादव, सिंघराज, मनीष, सोनल, राकेश कुमार और सरिता के पैरा खेलों में अपने संबंधित राज्यों का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।

## मोदी ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को बधाई दी





**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारतीय दल के तालिका में शीर्ष पर रहने के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया।मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, दल ने चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीतकर चमकदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। ये खिलाड़ी हमेशा हमें इसी तरह गौरवान्वित करते रहें। उन्होंने लिखा, बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाती चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत। भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराने के लिए बधाई। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जिसके दम पर भारत बुधवार को बैंकॉक में एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में नौ पदक जीतकर पदक तालका में दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज को पछाड़कर शीर्ष पर रहा।एक अन्य पोस्ट में मोदी ने वुशु चैम्पियन रोशिबिना देवी, कुशाल कुमार और छवि को हाल में अमेरिका में हुई 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा, उनके कौशल और दृढ़संकल्प ने देश को गौरवान्वित किया है। मुझे पूरा भरोसा है कि उनकी सफलता वुशु को भारत में और लोकप्रिय बनायेगी। भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनायें।

## सैमुअल्स भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए छह साल के लिए सभी प्रारूपों से प्रतिबंधित

**दुबई,23 नवम्बर 2023।** वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स पर गुरूवार को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लघंन के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से छह साल का प्रतिबंध लगा दिया गया।
सैमुअल्स को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने (एमिरेट्स बोर्ड में नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी के तौर पर) सितंबर 2021 में चार मामलों के लिए आरोपित किया। अगस्त में उन्हें पंचाट द्वारा दोषी पाया गया था और उनका प्रतिबंध 11 नवंबर से शुरू हुआ। ये आरोप 2019 में अबुधाबी टी10 लीग से संबंधित हैं।
पूर्व आल राउंडर सैमुअल्स ने 71 टेस्ट, 207 वनडे और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।आईसीसी ने गुरूवार को कहा कि 42 वर्षीय सैमुअल्स को दोषी पाया गया क्योंकि उन्होंने मनोनीत भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को किसी भी उपहार, भुगतान, आतिथ्य या अन्य फायदे की रसीद का खुलासा नहीं किया और ऐसा ऐसी परिस्थितियों में किया गया जो प्रतिभागी या क्रिकेट के खेल को बदनाम कर सकता है।
उन्हें मनोनीत भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को 750 डॉलर या इससे अधिक कीमत के आतिथ्य की रसीद का खुलासा नहीं करने तथा जांच में सहयोग नहीं करने का भी दोषी पाया गया।



आईसीसी ने एक बयान में कहा, उन्हें जांच से संबंधित जानकारी छुपाकर भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की जांच में बाधा डालने या विलंब करने का दोषी पाया गया।
आईसीसी के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने कहा कि सैमुअल्स पर प्रतिबंध अन्य के लिए सबक देने वाला साबित होगा। मार्शल ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशक तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है जिसमें उन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी गतिविधियों में हिस्सा लिया जबकि वह जानते थे कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत उनके दायित्व क्या थे। उन्होंने कहा, हालांकि वह अब संन्यास ले चुके हैं, लेकिन जब सैमुअल्स ने ये उल्लघंन किये तब वह इनमें हिस्सेदार थे। छह साल का प्रतिबंध ऐसे किसी भी खिलाड़ी के लिए कड़ा सबक देने का काम करेगा जो नियमों को तोड़ने की कोशिश करता है।
सैमुअल्स ने 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप फाइनल में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11,000 से ज्यादा रन हैं। उन्हें मई 2008 में क्रिकेट के खेल को बदनाम करने के लिए धन लेने या अन्य फायदा लेने के लिए दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। वेस्टइंडीज के लिए वह अंतिम बार 2018 में खेले थे और 2020 में उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी।

## हमें आगे बढ़ते रहना चाहिएः कुलदीप

**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने गुरूवार को स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया से विश्व कप फाइनल में मिली हार की टीस लंबे समय तक सालती रहेगी और यह उन्हें अगले मौके तक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।
भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल में आस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।कुलदीप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, चेन्नई से अहमदाबाद तक हमारी यात्रा का नतीजा निराशाजनक रहा, लेकिन हमें छह हफ्तों की अपनी उलब्धियों पर गर्व है। इस दर्द के बावजूद हम अगले मौके के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



कलाई के इस स्पिनर ने लिखा, हार का दर्द सालता रहेगा लेकिन हमें आगे बढ़ना होगा, जीवन चलता रहता है और पीड़ा से उबरने में समय लगता है। कुलदीप ने कहा कि इस हार से निपटना मुश्किल था। उन्होंने कहा, विश्व कप काफी खूबसूरत था लेकिन ऐसा लगता है कि भगवान की कुछ और ही योजना थी। अब 'स्विच ऑफ' करके 'रिचार्ज' होने का समय है। इस हार से निपटना मुश्किल है, लेकिन आगे की यात्रा के लिए हमारा भरोसा कायम है।
कुलदीप ने विश्व कप में भारत के सभी 11 मैच खेले और 15 विकेट झटके।
भारत ने लगातार 10 मैच जीते लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा घरेलू समर्थकों के सामने हुए फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा।
कुलदीप ने कहा, हमारे सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया, हम हर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार थे और उनकी प्रतिबद्धता ने बतौर खिलाड़ी हमारा भरोसा बढ़ाया।
उन्होंने कहा, सभी नौ स्टेडियम में प्रशंसकों के प्यार ने हमारे दिल को छू लिया और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ से बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। हम दुनिया भर के जुनूनी प्रशंसकों और हर भारतीय परिवार के समर्थन के लिए आभारी हैं।

## मनोज सिन्हा ने दी पैरा तीरंदाजों को शुभकामनाएं



**नई दिल्ली,23 नवम्बर 2023।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पैरा तीरंदाजों को शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने थाईलैंड में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में छह पदक जीतकर इतिहास रचा और भारत का गौरव बढ़ाया।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए शीतल देवी, राकेश कुमार और सरिता की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, ÷क्या अविश्वसनीय उपलब्धि है! जम्मू-कश्मीर के पैरा तीरंदाजों ने इतिहास रचा और 4 स्वर्ण, 1 रजत सहित 6 पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। और पैरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, थाईलैंड में 1 कांस्य। हमारे तीरंदाजों का लगातार प्रदर्शन कड़ी मेहनत और दृढ़ता को दर्शाता है। लेफ्टिनेंट ने कहा, एशियाई पैरा खेलों में सराहनीय उपलब्धि के बाद शीतल, राकेश और सरिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन, खेल भावना की सच्ची भावना का उदाहरण है। यह एक नए खेल युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।÷ राज्यपाल ने आगे कहा.राकेश ने कंपाउंड वर्ग में पुरुष व्यक्तिगत, पुरुष युगल और मिश्रित युगल में तीन स्वर्ण पदक जीते। 16 साल की शीतल ने ज्योति के साथ महिला युगल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी के खिलाफ स्वर्ण पदक जीता।
कंपाउंड ओपन वर्ग में सिंगापुर की तीरंदाज से हार के कारण वह स्वर्ण पदक से चूक गई। इसी स्पर्धा में सरिता को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने चैंपियनशिप का समापन कुल 9 पदकों के साथ किया, जिसमें 4 स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।

## ग्रीस ओलंपिक चैंपियन स्टेफानोस डुस्कोस पेरिस 2024 के पहले मशाल वाहक होंगे

**एथेंस टोक्यो,23 नवम्बर 2023।** 2020 रोइंग स्वर्ण पदक विजेता ग्रीस के स्टेफानोस डूस्कोस 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पहले मशाल वाहक होंगे, हेलेनिक ओलंपिक समिति (एचओसी) ने कहा।
ओलंपिक मशाल रिले पेरिस 2024 का विवरण, जो 16 से 26 अप्रैल, 2024 तक ग्रीस में होगा, हेलेनिक ओलंपिक समिति द्वारा बुधवार को अपने मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया।
एचओसी ओलंपिक मशाल रिले आयोग के अध्यक्ष, डौस्कोस पहले मशाल वाहक होंगे, जबकि लौ को टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता जियानिस फाउंटुलिस के नेतृत्व में पुरुषों की राष्ट्रीय वाटर पोलो टीम द्वारा पैनाथेनिक स्टेडियम तक ले जाया जाएगा, जहां इसे सौंपा जाएगा। एचओसी के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस को सौंप दिया जाएगा, जो इसे पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति को सौंप देंगे।



प्राचीन ओलंपिया में 16 अप्रैल को ज्योति प्रज्वलित की जाएगी और यह ग्यारह दिवसीय यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। लगभग 600 मशाल वाहक ओलंपिक मशाल को ग्रीक क्षेत्र से लेकर जाएंगे, जो 41 नगर पालिकाओं में 5000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा और 26 अप्रैल 2024 को पैनाथेनिक स्टेडियम में समाप्त होगा, जहां आधुनिक खेलों को पुनर्जीवित किया गया है।
ओलंपिक लौ का मार्ग चार मुख्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, यानी, पूरे ग्रीस को कवर करना, देश के चार छोरों को जोड़ना, क्रेते से अलेक्जेंड्रोपोली और कोर्फू से कस्टेलोरिज़ो तक।
हमारे इतिहास और संस्कृति (प्राचीन एलिस, माइसीने, नोसोस, डेल्फी, प्राचीन फिलिपी, वेर्गिना, सौनियो, एक्रोपोलिस) के खजाने को उजागर करते हुए, सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों को बढ़ावा देना।
ग्रीस की सुंदरता को बनाने वाले प्रतिष्ठित परिदृश्यों को प्रदर्शित करने के लिए (मेथोनी, नेफप्लियो, सेंटोरिनी, मेटियोरा)।
अंत में, उद्देश्य उस ऐतिहासिक अतीत का सम्मान करना है जो फ्रांस और ग्रीस को जोड़ता है, एक ऐसी कहानी जो वर्षों में एक बहुत मजबूत दोस्ती में विकसित हुई। फ्रांस मुख्य रूप से 1821 की यूनानी क्रांति से जुड़ा है, जिसने यूनानी लोगों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की एक बड़ी लहर जगाई।




## राशिद खान पीठ की चोट के कारण बीबीएल 13 से हटे

**मेलबर्न ,23 नवम्बर 2023।** अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान पीठ की चोट की सर्जरी के कारण सात दिसंबर से शुरू होने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) में नहीं खेल पायेंगे।
राशिद की टीम एडीलेड स्ट्राइकर्स ने गुरूवार को घोषणा की कि राशिद का छोटा सा ऑपरेशन होगा। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक भी टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।
राशिद 2017 से स्ट्राइकर्स के लिए खेल रहे हैं।
एडीलेड स्ट्राइकर्स के क्रिकेट महाप्रबंधन टिम निल्सन ने कहा, राशिद स्ट्राइकर्स और प्रशसकों के पसंदीदा हैं जो सात साल से हमारे लिए खेल रहे हैं इसलिये इन गर्मियों में उनकी कमी खलेगी।
उन्होंने कहा, राशिद टीम के लिए बीबीएल में खेलना बहुत पसंद करते हैं और हम उनका समर्थन करते हैं क्योंकि उनका इस चोट के लिए उपचार किया जायेगा ताकि वह खेल में लंबे समय तक जुड़े रहें।
उन्होंने कहा, हमारा प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ आगामी सत्र में राशिद की जगह अन्य खिलाड़ी को लेने के लिए विकल्प देखेगा जिनके नाम की घोषणा आने वाले समय में की जायेगी।

## मछुआरे के रूप में अभिनेता नागा चैतन्य का फिल्म थंडेल से फर्स्ट लुक जारी

नागा चैतन्य अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। नागा और साई पल्लवी की आगामी फिल्म का शीर्षक थंडेल है। फिल्म का निर्देशन चंदू मोंदेती कर रहे हैं। फिल्म में अल्लू अरविंद भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अभिनेता मछुआरे की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया है।
अभिनेता नागा चैतन्य 23 नवंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने उनके प्रशंसकों को एक खास तोहफा दिया है। निर्माताओं ने फिल्म में एक मछुआरे के रूप में उनका पहला लुक और साथ ही फिल्म का शीर्षक भी जारी किया हा। अभिनेता का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
नाव पर नागा का पहला लुक को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, एक नेता का जन्म अपने लोगों के लिए उर्जा और समय के खिलाफ सवारी करने के लिए होता है। युवा सम्राट का जन्मदिन समारोह जल्दी शुरू हो जाता है। इस किरदार को निभाने और फिल्म की टीम की प्रशंसा करते हुए नागा चैतन्य ने सोशल मीडिया पर फर्स्ट-लुक साझा करते हुए लिखा, सएनसी23 सथंडेल है। एक किरदार जिसे निभाने के लिए मैं वास्तव में उत्सुक हूं .. और एक टीम जिसका मैं हमेशा से आभारी रहूंगा। गौरतलब है कि निर्माताओं ने फिल्म की कहानी को गुप्त रखा है। टीम ने इस साल की शुरुआत में के मैचिलेसम नामक मछली पकड़ने वाले गांव की यात्रा की थी। श्रीकाकुलम के पास स्थित यह गांव मछली पकड़ने वाले समुदाय का घर है। निर्देशक चंदू मोंडेती और चैतन्य दोनों ने उस समय प्रेस से बात की और कहा कि यह फिल्म गांव में हुई सच्ची घटना पर आधारित होगी। बता दें कि नागा चैतन्य ने भूमिका के लिए सिर्फ अपने बाल ही नहीं बढ़ाए बल्कि अभिनेता ने मछुआरों की शारीरिक भाषा और बोली सीखने के लिए उनके साथ समय बिताया।



## विक्की कौशल के साथ काम करने को बेकरार कैटरीना कैफ

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक है।सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें साझा करते रहते हैं। प्रशंसक भी विक्की और कैटरीना को साथ में देखना काफी पसंद करते हैं।पिछले कुछ समय से दर्शक इस जोड़ी को साथ में किसी फिल्म में देखने के लिए बेताब हैं।अब इस बीच कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की के साथ काम करने के लिए बेकरार हैं।
कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की के साथ एक एक्शन फिल्म करना चाहती हैं। कैटरीना ने कहा, विक्की के साथ एक एक्शन फिल्म करना बहुत दिलचस्प होगा। वो एक बेहतरीन कलाकार हैं और मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में उनके प्रति सम्मान के कारण हर कोई ऐसा ही महसूस करता है। विक्की अपनी कला के प्रति हमेशा समर्पित रहते हैं। पर्दे पर उनके साथ काम करना बहुत रोमांचक होगा।
कैटरीना मौजूदा वक्त में सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को लेकर चर्चा में हैं, जो 12 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें इमरान हाशमी भी मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म में कैटरीना जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।टाइगर 3 ने दुनियाभर में 350 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई 250 करोड़ रुपये की ओर है।इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।



## प्रियंका चोपड़ा की डॉन फ्रेंचाइजी में होगी एंट्री ? रणवीर सिंह के साथ आएंगी नजर

फरहान अख्तर ने हाल ही में डॉन 3 की अनाउंसमेंट की थी. डॉन 3 में शाहरुख खान नहीं बल्कि रणवीर सिंह नजर आने वाले हैं. डॉन की फ्रेंचाइजी से शाहरुख खान ने एग्जिट कर ली है और रणवीर सिंह की एंट्री हो गई है. शाहरुख खान के जाते ही फिल्म में एक पुराने किरदार की एंट्री होने वाली है. ये कोई और नहीं बल्कि प्रियंका चोपड़ा हो सकती हैं.



रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉन 3 के मेकर्स फिल्म में रणवीर सिंह के अपोजिट प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने की प्लानिंग कर रहे हैं. प्रियंका और रणवीर पहले भी गुंडे, बाजीराव मस्तानी और दिल धड़कने दो में साथ में काम कर चुके हैं. रिपोर्ट के मुताबिक फरहान अख्तर अब जी ले जरा की जगह डॉन 3 को प्रायोरिटी दे रहे हैं क्योंकि जी ले जरा के लिए मेल कास्ट फाइनल नहीं हो पा रही है. जिसकी वजह से वह अब पूरा डॉन 3 पर ध्यान दे रहे हैं और रणवीर के साथ प्रियंका को कास्ट कर सकते हैं.
रिपोर्ट्स की माने तो प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फरहान अख्तर से मिली थीं और उन्होंने डॉन 3 के बारे में बात की थी. प्रियंका ने भी फिल्म करने को लेकर ग्रीन सिग्नल दे दिया है. डॉन 3 की लीड को लेकर पहले कियारा आडवाणी और कृति सेनन का नाम सामने आया था.
शाहरुख खान के डॉन फ्रेंचाइजी से बाहर जाने और रणवीर सिंह की एंट्री से फैंस बहुत नाराज हैं. जब डॉन में रणवीर सिंह की एंट्री की अनाउंसमेंट हुई थी तो सोशल मीडिया पर उन्हें बहुत ट्रोल किया गया था.

CMYK

# रमन सिंह पर मुख्यमंत्री भूपेश का पलटवार

» लोकप्रियता शिखर पर थी, तब 52 से 55 सीट से ऊपर नहीं कर पाए...



**रायपुर,23 नवम्बर 2023(ए)।** चुनाव परिणाम आने से पहले परिणाम को लेकर बड़े नेताओं के बयानबाजी से प्रदेश का तापमान बढ़ा हुआ है। दोनों पक्ष अपने - अपने जीत के दावे कर रहे है। भरोसा और गारंटी पर जमकर राजनीति हो रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 55 सीटों के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी लोकप्रियता शिखर पर थी, तब 52 से 55 सीट से ऊपर नहीं गए, अब कहां से लाएंगे। ऐसा 3 दिसंबर तक अपने कार्यकर्ताओं का ढाढस बंधाए रखने के लिए कह रहे हैं। राजस्थान में सभा और रोड शो के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बीजेपी के सरकार गठन के बाद झीरम की जांच होगी वाले बयान पर कहा कि उस समय उन्हें किसने रोका था। धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था. अडंगा डालने का काम किसने किया था? अब किसी भी प्रकार की बात करने में कोई संकोच नहीं है। शर्म भी नहीं आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार थी. सीबीआई जांच हो यह विधानसभा में पारित किया था. भारत सरकार से जब आदेश आया, तब उसे दबाकर क्यों रखा था। रमन सिंह पता नहीं किस प्रकार के बयान लिखते और जारी करते हैं, क्योंकि सभी घटनाओं के लिए वही जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ की पुलिस जांच करेगी। अब वह बोले या नहीं बोले, जांच होगी।

डीए बढ़ाए जाने पर डॉ रमन सिंह के पत्र लिखे जाने पर उन्होंने कहा कि वे आज डीए बढ़ाने के लिए पत्र लिख रहे हैं. रेलवे के लिए पत्र क्यों नहीं लिखते. ट्रेनें रद्द हो रही है, समय पर नहीं चल रही है. रेलवे में नौकरी के लिए भी उन्हें पत्र लिखना चाहिए। वे भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

अमित शाह के सोनिया गांधी अपने बेटे को पीएम बनाना चाहती है वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं, उनके बेटे में कौन सी योग्यता है? दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं. अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें क्या योग्यता है. राजस्थान के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में आज दो कार्यक्रम है. एक रोड शो और दूसरी आम सभा है. आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है. फिर तेलंगाना में कार्यक्रम बन रहा है, वहां भी जाना है।

## कुछ भी कर सकते हैं भाजपा वाले:भूपेश

सीएम भूपेश बघेल ने कहा है, कि भाजपा वाले कुछ भी कर सकते हैं। जितना नीचे तक सोचेंगे, वहीं से इनकी सोच शुरू होगी। इनके नीचे जाने की स्तर की कोई सीमा नहीं है।

वहीं, भाजपा के सरकार बनते ही झीरम की जांच होगी वाले बयान पर सीएम बघेल ने कहा, कि जब बीजेपी सरकार थी तब जांच से किसने रोका? धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा? जांच में अडंगा डालने का काम किसने किया? इन्हें कोई बात कहने में शर्म भी नहीं आती।

छत्तीसगढ़ में इन दिनों बीजेपी कांग्रेस के बीच तीखी वार देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां चुनाव से पहले पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर हुए अटैक से पूरे छत्तीसगढ़ में माहौल गरमाया हुआ है तो वहीं, अब कांग्रेस विधायकों को डराया-धमकाया जा सकता है वाले सवाल पर सीएम बघेल का बयान सामने आया है।




# एग्जिट पोल को शेयर करना पड़ेगा महंगा

**चुनाव आयोग रख रही पैनी नजर**

**रायपुर,23 नवम्बर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव 2023 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आदर्श आचरण संहिता लागू है। इस दौरान 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने और मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (3ए),125,126 लागू होगा।

एमसीएमसी टीम को उस व्यक्ति का सघन तलाश है, जो एक्जिट पोल का आयोजन कर रहे हैं या एक दूसरे को सीधा वाट्सअप से या वाटसअप ग्रूप में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। व्यक्ति सामान्य नागरिक हो चाहे वह पढ़ा लिखा हो या अनपढ़ अथवा सरकारी सेवक, कोई भी हो, निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन का आरोपी होगा।

# अवैध रूप से संचालित स्कूल पर कार्रवाई

» शिक्षा विभाग ने लगाया एक-एक लाख का जुर्माना, आदेश जारी




**रायपुर,23 नवम्बर 2023(ए)।** रायपुर में बगैर मान्यता के संचालित दो-दो स्कूल पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है. चैतन्य टेक्नो स्कूल के संचालित दोनों ब्रांच पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि बगैर मान्यता के स्कूल संचालन के लिए एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है और तीन दिन का समय दिया गया है.। जुर्माना के साथ चैतन्य टेक्नो स्कूल को जवाब भी देना होगा। अगर समय पर जुर्माना नहीं दिया तो तीन दिन के बाद प्रतिदिन 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगते जाएगा। जानकारी के मुताबिक, राजधानी सहित पांच अलग-अलग जिलों में ये स्कूल संचालित हैं। यही नहीं राजधानी में नए सत्र से चैतन्य टेक्नो स्कूल खोलने की तैयारी है. जबकि जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि इस नाम से किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं दी गई है।

चैतन्य टेक्नो स्कूल का फ़ीस की तो कक्षा चौथी में प्रवेश लेने वाले छात्र से ट्यूशन फ़ीस के नाम से 55 हज़ार रुपए लिया जाता है, वहीं एक सेमेस्टर (6 माह) के लिए पुस्तक मटेरियल 6555 रुपए में दिया जाता है. यूनिफार्म का रेट साइज़ के अनुसार लिया जाता है. वहीं कक्षा 6 की बात करें तो 60 हजार रुपए ट्यूशन फ़ीस और एक सेमेस्टर की पुस्तक के लिए 6545 रुपए चार्ज किया जाता है।

कक्षा नौवीं में 75 हजार ट्यूशन फ़ीस लिया जा रहा है. वहीं बुक मटेरियल के नाम पर 7910 रुपया एक सेमेस्टर के लिए लिया जा रहा है. इस तरह एक साल में पुस्तक का ही लगभग 16,000 रुपए लिया जा रहा है. इसके साथ ही ऑनलाइन क्लासेस के लिए रजिस्ट्रेशन फ़ीस छह हज़ार रुपया है।



# नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**रेलवे ट्रैक को उड़ाने के लिए लगाया था टिफिन बम**

**कांकेर,23 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कांकेर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत करते हुए रेलवे ट्रैक को उड़ाने की बड़ी साजिश रची थी। लेकिन नक्सलियों द्वारा साजिश को अंजाम देने से पहले ही सुरक्षा बल के जवानों ने नाकाम कर दिया। नक्सलियों ने बड़ी साजिश के तहत रेलवे ट्रैक पर कुकर बम लगा दिया था और रेल लाइन को उड़ाने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही बीएसएफ के जवानों ने रेलवे ट्रैक से बम बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। बता दें, ग्राम कोसरोंडा रेल्वे ब्रिज पर करीब 3 किलो का कुकर बम लगाया गया था। हालांकि बीएसएफ जवानों की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते बच गया, कांकेर पुलिस अधीक्षक निधि ने पूरी घटना की जानकारी दी है।

# आईएएस अधिकारियों की चांदी

» जनवरी 23 से मिलेगी महंगाई भत्ते की पुनरीक्षित दर

» छत्तीसगढ़ शासन ने जारी किया आदेश




**रायपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कार्यरत आईएएस अधिकारियों की चांदी ही चांदी है.। राज्य सरकार ने 22 नवंबर को आदेश जारी कर तमाम आईएएस अधिकारियों को एक जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों पर महंगाई भत्ते के भुगतान करने कहा है।छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से तमाम विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर को जारी पत्र में बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार ने 1 जनवरी, 2023 से 38 प्रतिशत से 42 प्रतिशत पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है. इसके साथ ही ये पुनरीक्षित दरें अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को लागू हो गई है. इस लिहाज से राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है।



## टीआई संदीप चंद्राकर का निधन

**रायपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।** टीआई संदीप चंद्राकर का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार कल शुक्रवार सुबह 9 बजे गृह ग्राम बेमचा में किया जाएगा। टीआई संदीप चंद्राकर महासमुंद जिले के निवासी था।

# भाजपा के विधायक दल तय करेंगे मुख्यमंत्री पद का बड़ा चेहरा:नारायण चंदेल



**रायपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मीडिया से चर्चा में विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि अपने संवैधानिक अधिकार का जनता ने उपयोग किया। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद बीजेपी को प्राप्त होगा। स्पष्ट बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बनेगी। सबका सहयोग मिला। खास तौर पर बीजेपी को माता और बहनों का विशेष समर्थन मिला। पदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बड़ा बयान दिया है।उन्होंने कहा कि बीजेपी में किसी भी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी। वह मुख्यमंत्री बनेगा. विधायक दल के साथ संगठन तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा।उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध बढ़े, जिसका सीधा असर माता और बहनों पर पड़ा. महिलाओं का रुझान बीजेपी की तरफ देखने मिला. 3 दिसंबर को मतगणना में बीजेपी का कमल खिलेगा। वहीं रमन सिंह सीटों को लेकर किए गए दावे पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि हमारा विश्वास बहुमत के लायक सीट होती है। वह बीजेपी को प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ की सियासत में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में लगातार एकछत्र राज करने वाली भाजपा को पिछले चुनाव में कांग्रेस से करारी हार मिली थी और वे सत्ता से दूर रहे। हार का स्वाद चखने के बाद भाजपा हार के कारणों की समीक्षा की और अपनी छवि सुधारने के लिए लगातार कोशिश में जुटे रहे। विपक्ष की भूमिका में रही भाजपा चुनाव से पहले प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए परिवर्तन यात्रा भी की । तमाम तरह की तैयारी के बाद चुनावी मैदान में उतरी भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल कर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा कर रही है। वहीं इस बार भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए बड़ा चेहरा पेश नहीं किया हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को बड़ा चेहरा माना जा रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ में कौन होगा भाजपा का मुख्यमंत्री इस बात पर अभी सस्पेंस बरकरार है। जीत से उत्साहित भाजपा प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी में किसी भी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी, वह मुख्यमंत्री बनेगा. विधायक दल के साथ संगठन तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा।

# मोवा में आयकर विभाग की दबिश




**दस्तावेजों की जांच कर रहे अफसर**

**रायपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर आईटी की टीम से छापा की खबर सामने आ रही है। गौरतलब है कि राजधानी के मोवा स्थित निवास रोडलाइंस के ठिकानों पर आईटी की टीम ने छापा मारा है। आईटी के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे।आईटी की मोवा स्थित दफ्तर पर 2 दिनों से छापेमार कार्रवाई जारी है। रोड लाइंस कंपनी पर आयकर चोरी की शिकायत पर रेड कार्रवाई की गई है। दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है।

## सीटेट की तिथि में बदलाव, अब जनवरी माह में होगी परीक्षा

**रायपुर,23 नवम्बर 2023 (ए)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। दिसंबर में होने वाली परीक्षा अब जनवरी माह में आयोजित की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा 21 जनवरी को होगी। पेन और पेपर मोड पर होने वाला ये एग्जाम इस बार केवल 135 शहरों में ही होगा। प्रदेश में सीटेट के लिए रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगें। सीटेट के लिए एग्जाम आवेदन 23 नवंबर तक भरे जाएंगे। पेन और पेपर मोड पर अब एक ही दिन में यह परीक्षा होगी।

# सरकारी अधिकारी की गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत की फाईल ठंडे बस्ते में अभी तक नहीं मिला है न्याय



**बलौदाबाजार,23 नवम्बर 2023 (ए)।** चुनाव के चक्कर में सरकारी अधिकारी की गाड़ी से टक्कर से युवक की मौत के मामले में पीड़ित परिवार को 19 दिन बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है। विगत दिनों चुनावी माहौल में चुनाव कार्य में लगे वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी।

इस हादसे के 18 दिन बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं एसएसपी दीपक झा ने कार्रवाई करने की बात कही है। युवक की मौत भी उस वक्त हुई जब वह शिवरीनारायण से दीपावली के त्योहार के लिए अपने बच्चों के लिए पटाखा और अन्य सामान लेकर आ रहा था. इसी दौरान आब्जर्वर के पायलेंटिग के लिए लगी गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद कसडोल पुलिस ने 304 का मामला दर्ज कर लिया था।चौकाने वाली बात यह है कि पायलेंटिग में लगी इस गाड़ी का घटना के वक्त इंश्योरेंस नहीं था और वह पुलिस प्रशासन द्वारा किराए पर लिया गया था। वहीं घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी कसडोल थाना पुलिस ने एसएसपी को यह जानकारी नहीं दी कि घटना के वक्त वाहन का एश्योरेंस नहीं था.। मीडिया को उसके सूत्रों से मिली जानकारी पर पुलिस अधीक्षक से पूछा गया कि गाड़ी में एश्योरेंस नहीं था तब उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है. मामला दर्ज हो गया है और धाराएं लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक पुलिस वालों ने पीड़ित पक्ष का बयान नहीं लिया है। जिससे कार्रवाई धीमी है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जिले में हो रही घटनाओं की जानकारी आखिर संबंधित थाना द्वारा पुलिस कप्तान को नहीं दी जा रही है। यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

# रायपुर शहर के मिस्ट्री बैकरिस में बिक रहा था फफूंद वाला खाद्य सामग्री कमिश्नर से हुई शिकायत

» क्या शहर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठनों में बिक रहा है लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का सामान?

» आखिर क्या कर रहा है राजधानी शहर का जिम्मेदार विभाग लोगों को परोसा जा रहा है जहरीला खाद्य पदार्थ।




**रायपुर 23 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** स्वाद के चक्कर में लोग हाई-फाई रेस्टोरेंट बेकरिस व होटल में पहुंचते हैं पर यदि उन्हें स्वादिष्ट खाने की जगह खराब फफूंद युक्त सामग्री दी जाए तो क्या उनके सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होगा? इस समय बाहर का खाना खाना लोगों के लिए एक फैशन बन चुका है फास्ट फूड से लेकर तरह-तरह के व्यंजन के लिए लोग बाहर पर डिपेंड है पर उन्हें यह नहीं बताया कि जो वह खा रहे हैं वह उनके सेहत के लिए कितना हानिकारक है, एक ऐसा ही मामला प्रदेश के राजधानी से सामने आया है जहां पर एक प्रतिष्ठित मिस्ट्री बेकरिस में कुछ लोग जो प्रेस्टीज के खाने के शौकीन थे वह वहां पर पहुंचे पर वहां पर उन्हें दुकानदार ने फफूंद लगा हुआ पेटिस उपलब्ध कराया जिसे देखकर वहां पर लोग नाराज हुए और इसकी शिकायत क्षेत्र के कमिश्नर को की गई। पर सवाल यह उठता है कि इसके लिए अलग से विभाग गठित है फिर भी विभाग समय-समय पर ऐसी बेकरियों होटल व रेस्टोरेंट में जाकर जांच क्यों नहीं करता? यदि सही तरीके से जांच की जाए तो लोगों को शायद स्वच्छ सामग्री मिल सके पर ऐसा होता नहीं दिख रहा संबंधित विभाग की इस ओर चिंता नहीं जिस वजह से दुकानदार लोगों को पैसे की लालच में जहर परोस रहे हैं।

मिली शिकायत के अनुसार जोन कमिश्नर को जोन क्र. 7 रायपुर (छ.ग.) शिकायत की गई है कि रामनगर के एक प्रतिष्ठित मिस्ट्री बेकरीस में खाने के समान में लेने गए हुए हुए वक्ती को कई दिनों पुराना फफूंद लगा हुआ सामान दिया गया, रणविजय सिंह शिकायत करते हुए कहा कि 19/11/2023 रात को करीब समय रात्रि 10 बजे अपने दोस्तो के साथ रामनगर, लक्ष्मण नगर में स्थित मिस्ट्री बैकरी पेटिस खाने गया था। जिसमें एक पेटिस खाने के पश्चात पता चला की पेटिस में फंफुद लगा हुआ है साथ ही आलू का भी स्वाद खराब आया जिसकी सूचना मिस्ट्री बैकरी में काम करने वाले लड़के को दिया गया था। उसके पश्चात मिस्ट्री बैकरी दुकान के (मालिक /मैंनेजर) से फोन पर बात हुई, जिस में (मालिक/मैंनेजर) को पेंटिस में लगे फंफुद की जानकारी दी गई। जिसके बाद मिस्ट्री बैकरी (मालिक/मैंनेजर) द्वारा बात को गंभीरता पुर्वक नहीं लिया गया। मिस्ट्री बैकरी (मालिक/ मैंनेजर) के द्वारा बात को कल पर टाल दिया गया। मिस्ट्री बैकरी (मालिक / मैंनेजर) से बात होने बाद मुझे लगा की यहां की सभी पेटिस खराब है तो मेरे द्वारा सभी पेटिंस दुकान में काम कर रहे लड़के के सामने सभी पेंटसी को खुलवाया गया। जिसमें सभी पेंटिस में फंफुद पाया गया। इन सभी पेंटिस का विडियो / फोटो बना कर रखा गया। साथ की रामनगर की जनता के स्वास्थ्य के साथ मिस्ट्री बैकरी (मालिक / मैंनेजर) खिलवाड को देखते हुए इसकी शिकायत उच्च स्तरी किया गया ताकि बाकी लोगो के साथ ऐसा न हो। जो सही नहीं इस तरह के खाद्य पदार्थ को बच्चे जादा ही खाते है जिससे बच्चो को फुड पोईजन जैसे गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। विभाग को भी इस शिकायत को गंभीरता से लेना चाहिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)